जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

अजमेर, रविवार 31 अगस्त, 2025



## विचार बिन्दु

**विद्या के अलावा और कोई ज्ञान नहीं है। –थामस फुलर**

# वनानुभव

प्रकृति-अनुभव और वनानुभव चिकित्सा का इतिहास बहुत प्राचीन है। यह आयुर्वेद की एक श्रेष्ठ गैर-औषधीय चिकित्सा है जिस पर समकालीन शोध भी बहुत समृद्ध है। हरियाली, प्राकृतिक वातावरण, वनों और उपवनों में प्रकृति-अनुभव या दीर्घकालिक जुड़ाव का प्रसन्नता में योगदान पर पूर्व में यहाँ प्रमाण-आधारित ठोस विश्लेषण प्रस्तुत किया गया था। परन्तु क्या यह हरियाली में किया गया व्यायाम और योग तुलनात्मक रूप से बेहतर स्वास्थ्य भी प्रदान करता है? वर्ष 2022 में प्रकाशित शोध को समाहित कर आज की चर्चा पुनः इसी विषय पर है।

जैसा कि पूर्व में बताया गया था, संहिताओं में स्वास्थ्य-रक्षण और रोगोपचार दोनों के लिये ऐसे अनेक सन्दर्भ हैं (देखें, च.चि.3.260-266; च.चि. 2/3, 26-30, च.चि. 4.106-109; च.वि. 6.17, सु.उ. 47.55-57 आदि)। उक्त सभी सन्दर्भ केवल उदाहरणार्थ और प्राचीनता दर्शित करने के उद्देश्य से उद्धृत किये गये हैं। समकालीन शोध में पिछले कई दशकों से विभिन्न विषयों के विद्वानों ने अपनी विधा के अनुसार इस बात की ओर ध्यान खींचा है कि प्रकृति से जुड़ने और मानव स्वास्थ्य में सुधार के बीच सकारात्मक संबंध है। यह आम समझ की बात है कि प्रकृति और पर्यावरण के सानिध्य में समय बिताना हमारे लिये स्वाभाविक रूप से अच्छा हो सकता है। प्राचीन सभ्यताओं के अवशेषों, प्राचीनकाल से चली आ रही सांस्कृतिक परम्पराओं और चिकित्सा पद्धतियों में इस बात के प्रमाण मिलते हैं कि मानव सभ्यता का अपने स्वास्थ्य, चिकित्सा और आध्यात्मिकता के लिये प्रकृति के साथ अन्योन्याश्रित जुड़ाव रहा है।

जहाँ तक हरियाली का शारीरिक और मनोरोगों को रोकने में योगदान है उस पर बहुत शोध है और उसका सम्पूर्ण विश्लेषण यहाँ देना संभव नहीं है। इस विषय में एक बेहद उपयोगी पुस्तक द एक्सपीरियंस ऑफ़ नेचर- अ साइकोलॉजिकल पर्सपेक्टिव वर्ष 1989 में प्रकाशित हुई थी। राचेलकपलान और स्टेफेनकपलान की यह पुस्तक इस विषय में विश्व की सर्वाधिक संदर्भित पुस्तक है जिसे लगभग 8000 प्रकाशनों में संदर्भित किया गया है। प्राकृतिक वातावरण, लोगों और उनके बीच के संबंधों का एक प्रमाण-आधारित लेखा-जोखा इस पुस्तक में है। लेखकों ने यह समझने की कोशिश की है कि लोग प्रकृति का अनुभव कैसे करते हैं और वे किस प्रकार के प्राकृतिक वातावरण पसंद करते हैं, वे जंगल के अनुभवों से क्या मनोवैज्ञानिक लाभ उठाते हैं, और हमारे आसपास के उद्यान लोगों के लिये क्यों महत्वपूर्ण हैं।

आयुर्वेद का लोक-पुरुष-साम्य सिद्धांत यह स्पष्ट करता है कि मानव और संसार एक समान हैं (च.शा.5.3: पुरुषोऽयंलोकसम्मितः) इस सिद्धांत के प्रकाश में देखने पर लोक या पृथ्वी के वातावरण का सीधा-सीधा प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पर पड़ता है क्योंकि लोक और पुरुष में समानता (च.शा.5.3: लोकपुरुषयोः सामान्यम्) होने से सामान्य-विशेष का सिद्धांत कार्य करता है। अर्थात सामान भावों को सामान भावों से मिलाने पर उस भाव की वृद्धि और असमान भावों को मिलाने पर ह्रास होता है। सत्य बुद्धि तभी प्रकट होती है या अकल तभी आती है जब स्वयं के अंदर प्रकृति को व प्रकृति के अंदर स्वयं को देखा जाये (च.शा.5.7): सर्वलोकमात्मन्यात्मानं च सर्वलोकेसममनुपश्यतः सत्या बुद्धिः समुत्पद्यते। यहाँ पर लोक से तात्पर्य पूरी दुनिया के वातावरण से है जिसमें छः धातुयें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश तथा आत्मा शामिल हैं (च.शा.5.7): षड्धातुसमुदायोहि सामान्यतः सर्वलोकः। इस सूची में आत्मा का शामिल होना आश्चर्यजनक नहीं मानना चाहिये क्योंकि पौधे, प्राणी और सम्पूर्ण जीवन भी लोक में शामिल है।

यहाँ यह बताना आवश्यक है कि ऐसा नहीं है कि प्रकृति के सभी आयाम स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित ही हों। कई प्राकृतिक स्थल मानव में अकेले डर पैदा कर सकते हैं। जो हवा, पानी और मिट्टी स्वास्थ्य के लिये सर्वथा उपयुक्त होती है, वही प्रदूषित होने या प्राकृतिक आपदाओं के स्वरुप में आने पर स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो सकती हैं। प्राकृतिक वातावरण के जो प्राणी बहुत सुन्दर लगते हैं उनमें से बहुत हिंसक भी हो सकते हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुये प्रकृति-अनुभव अपने अन्य रूपों में हमारे स्वास्थ्य की स्थिति को निर्धारित करते हैं। इस दृष्टिकोण से प्रकृति और पर्यावरण को निहारना, प्राकृतिक वातावरण में घूमना-फिरना स्वास्थ्यकर होता है।

प्रकृति-अनुभव किन कारणों से हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है? या अन्य शब्दों में कहें तो प्रकृति से जुड़ाव के स्वास्थ्यकर होने की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन क्या है? अनेक अध्ययनों के प्रमाण स्पष्ट करते हैं कि प्रकृति का मानव शरीर और मन पर स्वास्थ्यकर प्रभाव स्वास्थ्य के विविध आयामों को बेहतर करने में प्राकृतिक वातावरणों की भूमिका के कारण होता है। उदाहरण के लिये प्रकृति-अनुभव से स्वास्थ्य में सुधार की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन को मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद में कमी, मन की प्रसन्नता में बढ़ोत्तरी, अच्छीनिद्रा, मनोहारी अनुभूति, दर्द-नियंत्रण, बेहतर सामाजिक संपर्क, व्यायाम में बढ़ोत्तरी, हृदय रोगों में कमी, प्रतिरक्षा तंत्र में सुधार आदि के प्रकाश में देखा जा सकता है। वनानुभव-चिकित्सा (वनों में घूम-फिर कर प्रकृति का अनुभव करना) इम्यूनिटी भी बढ़ाती है (देखें, वाय. चे इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 18(16), 2021)।

शहरों में हरियाली से स्वास्थ्य लाभ के बारे में वर्ष 1800 के बाद से कई छिटपुट अध्ययन मिलते हैं और शहरी विकास में इन्हें शामिल करने के प्रयास भी दुनिया भर में हुये है। इन सब अध्ययनों में एक सन्देश मिल रहा था कि हरियाली को अनुभूत करना या हरियाली का एक्सपोज़र स्वास्थ्य के लिये लाभकारी है, परन्तु व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-एनालिसिस अब आना शुरू हुये हैं। हाल ही में हरियाली से मिलाने वाले लगभग 100 प्रकार के स्वास्थ्य-लाभ के निष्कर्षों वाले 143 अध्ययनों को शामिल कर एक मेटा-एनालिसिस की गयी। इससे कई रोचक परिणाम मिले। जैसे जैसे हरियाली के साथ जुड़ाव बढ़ा वैसे वैसे लार के कोर्टिसोल, हृदय गति, व डायस्टोलिक रक्तचाप में कमी पायी गयी। एचडीएल कोलेस्ट्रॉल व हृदय गति की परिवर्तनशीलता में बेहतरी हुई। समय-पूर्व प्रसव-जोखिम, मधुमेह, तथा समस्त-कारण मृत्यु दर (आल-कॉजमोर्टेलिटी) और हृदय रोग मृत्यु दर में भी कमी पाई गयी। स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, डिस्लिपीडेमिया, अस्थमा, और कोरोनरी हृदय रोग की घटनाओं में भी कमी होती गयी। अलग-अलग अध्ययनों को देखने पर यह भी स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य परिणामों में 66.7 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक बेहतरी हुई है। इनमें न्यूरोलॉजिकल, कैंसर, व श्वसन रोगों से मृत्यु दर में कमी भी पाई गयी (देखें, सी. टोहिग-बेनेट, ए. जोन्स, एनवायर्नमेंटल रिसर्च, 166: 628-637, 2018)।

> **चूंकि प्रतिदिन व्यायाम और योग करना स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है अतः व्यायाम और योग वनों, हरे-भरे स्थलों, बाग-बगीचों, नदी या झील के समीप किया जाये तो शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिये अधिक उपयोगी है। बच्चों को भी वनानुभव और प्रकृति-अनुभव कराइये। हरियाली से जुड़ाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए परम आवश्यक है।**

इस विषय में सबसे भारी अध्ययन जिसका वित्त-पोषण विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किया गया था, वह वर्ष 2019 में दुनिया के एक अगुआ जर्नल में प्रकाशित हुई। हरियाली को स्वास्थ्य-निर्धारक, स्वास्थ्य में सुधार, और विभिन्न प्रसन्नता के लिये उपयोगी माना जाता रहा है। इस व्यवस्थित अध्ययन में विश्व भर के अनुदैर्ध्य अध्ययनों से प्राप्त प्रमाणों की इस बात के लिये समीक्षा की गयी कि हरियाली, पार्क्स, गार्डन्स आदि की उपलब्धता का सकल मृत्यु दर में प्रभाव क्या है। इस मेटा-एनालिसिसमें प्रारम्भ में 9298 अध्ययन और 13 अन्य अध्ययनों की पहचान की गयी। इनमें से 9234 (99 प्रतिशत) अध्ययनों को शीर्षक और सारांश जांचने के बाद अपग करते हुयेशेष 77 अध्ययनों में से 68 (88 प्रतिशत) को सम्मिलित किया गया। उक्त के साथ ही मात्रात्मक मूल्यांकन हेतु नौ (12 प्रतिशत) अध्ययनों को शामिल किया। इनमें सात देशों के 8.32 लाख व्यक्ति शामिल थे। कुल मिलाकर निष्कर्ष स्पष्ट करते हैं कि आसपास की हरियाली और सकल-कारण मृत्यु दर के बीच एक व्युत्क्रम रिश्ते का प्रमाण पाया गया। कहने का तात्पर्य यह कि जैसे-जैसे हरियाली की उपस्थिति बढ़ती जाती है वैसे-वैसे सभी कारणों से मृत्यु दर में कमी आती जाती है। सन्देश यह है कि मानव समाज जहाँ रहता और काम करता है वहां हरियाली बढ़ाने और जैव-विविधता संरक्षण को बढ़ावा देना मानव स्वास्थ्य के लिये बहुत उपयोगी है (देखें, डी. रोजसरुएडा आदि, द लैंसेटप्लेनेटरी हेल्थ, 3,11: ई 469-ई477, 2019)।

एक अन्य महत्वपूर्ण मेटा-एनालिसिस में बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पर जांच की गयी कि गर्भावस्था में प्रतिकूल परिणामों पर आवासीय हरियाली का क्या प्रभाव रहता है। इसमें कुल 36 अध्ययन शामिल थे और कुल मिलाकर 1.19 करोड़ (11.9 मिलियन) प्रतिभागी थे। परिणाम स्पष्ट करते हैं कि हरियाली वाले स्थलों में जन्म के समय न्यूनतम वजन का जोखिम उच्च स्तर की हरियाली वाले समूह में काफी कम था। गर्भावधि उम्र कम रहने की संभावना भी उच्च हरियाली वाले क्षेत्रों में घटी पायी गयी। इसके अलावा अधिक हरियाली वाले क्षेत्रों में मातृ-जोखिम कम पाया गया और मानसिक विकारों में भी कमी पायी गयी। यह समीक्षा आवासीय हरियाली और गर्भावस्था के प्रतिकूल परिणामों के बीच एक उलटे रिश्ता होने की पुष्टि करती है। अध्ययन के निष्कर्ष स्पष्ट कर देते हैं कि हरियाली गर्भवती महिलाओं के लिये जोखिम घटाती है (वाइ. झान आदि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 718: आर्ट. 137420, 2020)। हाल ही में वनानुभव को मानसिक स्वास्थ्य में बेहतरी लाने के ठोस प्रमाण मेटा-एनालिसिस से प्राप्त हुए हैं (देखें, वाई. कोटेरा इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ मेंटल हेल्थ एंड एडिक्शन, 20(1):337-361, 2022)। एक अन्य मेटा-एनालिसिस से सिद्ध होता है कि वनानुभव अवसाद व चिंता से बचाने हेतु श्रेष्ठ गैर-औषधीय युक्ति है (पी.एस. येओन इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 18(23): 2021)। रैंडमाइज्द कंट्रोल्ड ट्रायल्स की मेटा-एनालिसिस का निष्कर्ष भी स्पष्ट करते हैं कि वन-आधारित गैर-औषधीय चिकित्सकीय दखल मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं (देखें, एम.जे. कांग इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 19(8): 2022)। हाल ही में 52 अध्ययनों में समाहित 5.2 मिलियन लोगों के आंकड़ों को लेकर की गई मेटा-एनालिसिस सिद्ध करती है कि ग्रीन-स्पेस के आसपास रहने वाले लोगों में डायास्टोलिक और सिस्टोलिक ब्लडप्रेशर में सुधार होता है (देखें, वाई. झाओ इत्यादि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 817: 152513,2022)

हमारा समाज आज शहरीकरण, संसाधन-विदोहन और जीवनशैली में बदलाव के कारण प्रकृति-उन्मुखता से प्रकृति-विमुखता की ओर जा रहा है। संहिताओं, शोध और अनुभव की त्रिवेणी से उत्पन्न ज्ञान इस बात के पुख्ता प्रमाण दर्शित करता है कि प्रकृति-अनुभव मानव स्वास्थ्य के लिये अनिवार्य है। शोध स्पष्ट करती है कि प्रकृति-अनुभव से स्वास्थ्य-लाभ के मूल में वायु गुणवत्ता, शारीरिक गतिविधि और व्यायाम, सामाजिक सामंजस्य और तनाव में कमी आदि कारक हैं।

इस तमाम चर्चा का मूल संदेश यह है कि पर्यावरण के साथ हमारे संबंध हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। वनानुभव और प्रकृति-अनुभव अनेक रूपों में हो सकता है। हमारे आसपास हरियाली को बढ़ावा देना, वनों उपवनों में घूमना, प्राकृतिक स्थलों में सैर-सपाटा, प्रतिदिन समीपवर्ती बाग-बगीचों में जाकर कम से कम एक घंटे का समय बिताना, कार्य-स्थलों में हरियाली बढाने के लिये छोटे-छोटे गार्डन या बगीची विकसित करना, बैठने के स्थान में खिड़की से दिखने वाला हरा-भरा दृश्य, कार्यालय में पांच मिनट का ब्रेक लेकर हरियाली में टहल कर आना आदिसब छोटे-छोटे ऐसे कार्य हैं, जिनके माध्यम से हमारा प्रकृति के साथ जुड़ाव बना रहता है। इन सबमें सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह याद रखने योग्य है कि चूंकि प्रतिदिन व्यायाम और योग करना स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है अतः व्यायाम और योग वनों, हरे-भरे स्थलों, बाग-बगीचों, नदी या झील के समीप किया जाये तो शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिये अधिक उपयोगी है। बच्चों को भी वनानुभव और प्रकृति-अनुभव कराइये। हरियाली से जुड़ाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए परम आवश्यक है। जीवन के प्रारम्भिक काल में प्रकृति से जुड़ाव मानव और प्रकृति के मध्य आजीवन सार्थक रिश्ता बनाने हेतु आवश्यक है। प्रकृति के साथ जुडे रहिये। योग और व्यायाम कीजिये। आनंदित रहिये। स्वस्थ रहिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष....

# सत्ता के प्रत्येक केन्द्र पर स्थापित


रामनिवास बैरवा

सौ साल पहले का इतिहास बहुत लम्बा है। इसे इतिहासकार, ऐतिहासिक विरासतों के विश्लेषक, आलोचक, प्रत्यालोचक अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखते हैं। कई विजेताओं का इतिहास लिखते हैं, कई पराजयों का इतिहास लिखते हैं, कोई पीड़ित होकर इतिहास लिखता है। पर है सभी इतिहास के अनिवार्य घटक। सौ साल पहले अंग्रेजों का राज था भारत पर। इस कारण जो पीड़ित रहे उन्हें आजादी चाहिए थी, जो पीड़ितों से पीड़ित रहे उन्हें भी आजादी चाहिए थी।

सौ साल पहले ही एक महायुद्ध हुआ था। उसी महायुद्ध के बीच एक व्यक्ति को भारत में भेजा गया इन सबके बीच समन्वय बैठाने के लिए। जनवरी, 1915 में उस व्यक्ति के आने के बाद सबसे पहले, बिखरे नेतृत्व करने वालों में अपनी पैठ बनाने के लिए, अपनी भागीदारी में अप्रैल, 1915 के हरिद्वार कुम्भ में "हिन्दु महासभा" का गठन किया गया। यह प्रयास सबको एक करने के लिए था।

उस दौर में पीड़ितों का नेतृत्व बाल गंगाधर तिलक कर रहे थे, जो पीड़ितों से पीड़ितों के विरोधी थे। 1920 के नागपुर के कांग्रेस के अधिवेशन में उन्हें ही कांग्रेस का अध्यक्ष बनाना था, लेकिन उस अधिवेशन के चार महिने पहले ही उनका देहान्त हो गया था और गांधीजी नेतृत्व की कसौटी पर आ गये जिस पर उन्हें खरा उतरकर नेतृत्व सम्भालना था। नागपुर के अधिवेशन की तैयारियों में आस-पास के युवक सक्रिय थे बाल गंगाधर तिलक से काफी प्रभावित थे, जिनका केशव राव हेडगवार भी सक्रिय नेतृत्व कर रहे थे। मंच पर कुर्सियों के पीछे बाल गंगाधर तिलक का बहुत बड़ा चित्र लगाया गया था जो कि कसौटी का पैमाना था मुसलमानों को अलग-थलग करने का। और ऐसा ही किया गया। उस अधिवेशन में अपेक्षाकृत अधिक सीनियर और विद्वान कांग्रेसी मोहम्मद अली जिन्ना को अपमानित करके हमेशा के लिए कांग्रेस से अलग कर दिया गया था। अब बचे हिन्दुओं को ही कांग्रेस की निर्बाघ बागडोर मिल गई थी।

बाल गंगाधर तिलक ने अपनी नीतियों और गतिविधियों को ब्रिटिश सत्ता में भागीदारी के समान दावेदार मुसलमानों के खिलाफ केंद्रित किया, दलित सत्ता में भागीदारी के दौर में नहीं थे। इसी बात को लेकर अंग्रेज सरकार ने सवर्ण हिन्दुओं और मुसलमानों की अलग पहचान को केंद्रित करके फूट डाली। इसी विभेदकारी नीति को आगे चलकर पूंजीवादी राष्ट्रों की कम्युनिस्ट-विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय नीति के लिए इस्तेमाल किया गया। इस नीति के अनुसरण में सावरकर की हिन्दू-स्वराज एवं गांधीजी की हिन्द-स्वराज की अवधारणायें पनपी। इसी अवधारणा को भारतीय समाज में धरातल पर उतारने का काम 1920 से भारतीय राजनीति में शुरू हो चुका था। कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में स्वयं सेवकों के रूप में काम करने वालों ने 1923 में "हुबली सेवा मंडल" जिसे 1924 में "हिन्दुस्तानी सेवा मंडल" नाम दिया गया, बनाया। 1924 में बेलगाम के कांग्रेस अधिवेशन में गांधीजी कांग्रेस अध्यक्ष बनाये गये तब "हिन्दुस्तानी सेवा मंडल" का नाम "कांग्रेस सेवा दल" करके जवाहर लाल नेहरू को उसका अध्यक्ष बना दिया गया था।

हेडगवार वगैरह को नये लड़के नेहरू के अधीन काम करने और "कांग्रेस सेवा दल" से अपने उद्देश्यों की पूर्ति की आशा नहीं थी अतः गांधीजी से सलाह मशवरा करके एक अलग हिन्दू संगठन बनाने का विचार किया गया। लेकिन हिन्दू नाम हिन्दू महासभा पहले से ही थी, अतः कोई अन्य नाम पर विचार आवश्यक था। तब स्वयं सेवक के साथ राष्ट्रीय शब्द जोड़कर "राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ" नाम दिया गया। चूंकि तब तक सावरकर अंडमान से भारत में आ चुके थे और 1923 में "हिन्दुत्व के आवश्यक तत्व" प्रकाशित की जिसमें अब तक उनके द्वारा प्रयुक्त किये जा रहे शब्द 'भारतीय' के बदले 'हिन्दुत्व' शब्द को काम में लिया गया। यह भी ध्यान देने की बात है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में अनुशासित, आज्ञाकारी ही प्रमुखता पाते रहे हैं लेकिन सिद्धांतकार कोई भी नहीं हुआ, सिवाय दामोदर सावरकर के।

इस प्रकार कांग्रेस की कोख से जन्मी आर.एस.एस. के प्रमुख सिद्धांतकार सावरकर ही स्थापित है। गांधीजी की बाध्यता थी कि राजनीतिक कारणों से उन्होंने जवाहर लाल नेहरू को आगे किया, क्योंकि नेहरू अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के अनुरूप छदम् समाजवाद से कम्युनिस्टों को भ्रमित कर सकते थे, और किया भी जिसकी वजह से आर.एस.एस. भी सावरकर को किसी पद पर नहीं ला सकी। सावरकर अपनी वरिष्ठता के स्व-आग्रह के कारण सामान्य या सहायक बनकर नहीं रहना चाहते थे। इसीलिए, अवसर मिलते ही हिन्दु महासभा का अध्यक्ष पद लिया।

"डिस्कवरी ऑफ इण्डिया" लिखने वाले नेहरू को तो प्रधानमंत्री पद मिला लेकिन वे प्रतिद्वंद्वी सावरकर को प्रतिबंधित करना नहीं भूले। "डिस्कवरी ऑफ इण्डिया" के जवाब में सावरकर ने "भारतीय इतिहास के छः सुनहरे खण्ड" 1963 में प्रकाशित करवाई। जिसमें उसने हिन्दुओं को पीड़ित-प्रताड़ित साबित किया। और उनकी मुक्ति के आक्रामक आख्यानों को हिन्दुओं की मुक्ति का मार्ग बताया। यही अन्ततः आर.एस.एस. के आगे के वर्षों में उसका मार्गदर्शक रहा है।

इसी स्थिति के परिप्रेक्ष्य में 1965 में लाल बहादुर शास्त्री के समय में सावरकर को नियमित पेंशन दी जाने लगी, इंदिरा गांधी ने उन पर डाक टिकिट जारी किया और बाद में भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनाने पर सावरकर को गांधीजी के समकक्ष स्थापित करने का उद्यम चलाया जा रहा है क्योंकि अब आर.एस.एस. सत्ता के हरेक केंद्र में स्थापित हो चुकी है। इस प्रकार से आर. एस.एस. के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं।

**- रामनिवास बैरवा,**
**पूर्व क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त**

# विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह: औपनिवेशिक विरासत से आधुनिक प्रासंगिकता तक


प्रो. अशोक कुमार


प्रो. गौरहरि बेहेरा

दीक्षांत समारोह, जो एक छात्र के शैक्षणिक जीवन का गौरवपूर्ण समापन होता है, आज अपनी प्रासंगिकता और उद्देश्य को लेकर गंभीर सवालों के घेरे में है। ये समारोह केवल एक डिग्री प्रदान करने की औपचारिकता मात्र नहीं, बल्कि हमारी शिक्षा प्रणाली की गहरी समस्याओं, उसकी औपनिवेशिक जड़ों और सामंती मानसिकता का प्रतीक बन गए हैं। इस बहस के दो मुख्य आयाम हैं: पहला, इन समारोहों की आंतरिक बनावट और उद्देश्य; और दूसरा, इनका आयोजन स्थल - विश्वविद्यालय परिसर अथवा अन्यत्र कोई स्थान।

**औपनिवेशिक विरासत और सतही भारतीयकरण** - आधुनिक काल में विश्वविद्यालयों में आयोजित दीक्षांत समारोहों की जड़ें मध्ययुगीन यूरोपीय विश्वविद्यालयों से जुड़ी हैं, जहाँ शिक्षा मुख्य रूप से धार्मिक ग्रंथों पर आधारित थी। इसके विपरीत प्राचीन भारतीय संस्कृति में गुरुकुलों में प्रदत्त शिक्षा प्रणाली के अनुरूप विद्यार्थी की शिक्षा पूर्ण होने के उपरांत समावर्तन अथवा स्नातक संस्कार आयोजित किए जाते थे। इस संस्कार में शिष्य को स्नान करवाने के पश्चात् नवीन वस्त्र धारण करने का नियम था जो विद्यार्थी जीवन से गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने का प्रतीक माना जाता था। अंत में गुरु अपने शिष्यों को उनके कर्तव्य एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु एक उपदेश देते थे तत्पश्चात् गुरु दक्षिणा भेंट करते हुए इसका समापन किया जाता था। परंतु वर्तमान में इन समारोहों में धारण किए जाने वाले गाउन, जुलूस और उपाधियाँ दिए जाने की रीति सीधे तौर पर उस औपनिवेशिक काल की देन हैं, जब ब्रिटिश शासन ने भारत में अपनी शिक्षा प्रणाली स्थापित की थी।

आज, भारतीय विश्वविद्यालयों ने इस विरासत को भारतीय बनाने का प्रयास किया है, लेकिन यह बदलाव केवल सतही स्तर पर ही संभव हो पाया है। गाउन को भारतीय पोशाक से बदलना या संस्कृत के श्लोकों को शामिल करना इसके मूल स्वरूप को नहीं बदलता। यह एक सतही बदलाव है जो पारंपरिक औपनिवेशिक ढांचे को ही मजबूत करता है। यह दिखावा करता है कि हमने अपनी पहचान को अपनाया है, जबकि हम अभी भी उसी पुराने, थोपे गए मॉडल पर चल रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, दीक्षांत समारोहों में इस्तेमाल की जाने वाली अनेक शब्दावलियां जैसे-'आदेश,' 'प्रतिज्ञा,' और 'देवता' एक ऐसे पदानुक्रम को दर्शाते हैं जो आज के लोकतांत्रिक और समतावादी समाज की भावना के बिल्कुल विपरीत होकर एक सामंतवादी व्यवस्था व दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। ऐसे शब्द एवं इस प्रकार की भाषा का प्रयोग छात्रों को स्वतंत्र विचारक के बजाय आज्ञाकारी अनुयायियों के रूप में प्रस्तुत करती है, जो आधुनिक शिक्षा के सहयोगात्मक उद्देश्य के नितांत प्रतिकूल है।

**मूल उद्देश्य से भटकाव**

एक समय था जब कुछ विश्वविद्यालयों में दीक्षांत सप्ताह ज्ञान के आदान-प्रदान, विचार-विमर्श का मंच होता था, जहाँ ख्यातिलब्ध विद्वान और कलाकार एकत्रित होते थे। आज, प्रायः वित्तीय संसाधनों के अभाव के कारण यह अपना महत्व खो चुका है और केवल एक नीरस औपचारिकता बनकर रह गया है। दुखःद बात यह है कि कई मामलों में, ये समारोह अपनी मूल भावना से विमुख होकर प्रमुख विचारधाराओं से प्रभावित होने लगे हैं। यह दशा शिक्षा के आधारभूत सवालों व उद्देश्य से ध्यान भटकाने का कार्य करती है जो कि एक शुभ संकेत नहीं है।

**आयोजन स्थलः परिसर अथवा अन्यत्र** : इस वैचारिक बहस के साथ-साथ, एक व्यावहारिक मुद्दा भी है जो इन समारोहों के आयोजन हेतु स्थल के चुनाव से जुड़ा है।

विश्वविद्यालय परिसर के बाहर: सुविधा और भव्यता की तलाश - आजकल कई बड़े विश्वविद्यालयों में पर्याप्त जगह की कमी के कारण बाहरी कन्वेंशन सेंटर या स्टेडियम का उपयोग करना एक व्यावहारिक विकल्प बन गया है। इसके लाभ स्पष्ट हैं:-

विस्तृत स्थान और सुदृढ़ व्यवस्था - विशाल भीड़ को संभालने, पार्किंग और सुरक्षा के लिए ये स्थान अधिक सुविधाजनक होते हैं।

मौसम से बचावः बंद ऑडिटोरियम मौसम की अनिश्चितताओं से बचाते हैं।

प्रतिष्ठा और भव्यताः परिसर के अतिरिक्त किसी लोकप्रिय स्थल पर आयोजन से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ सकती है।

**परिसर के अंदरः भावनात्मक जुड़ाव का प्रश्न**

हालांकि, परिसर के बाहर आयोजन में अनेक चुनौतियां एवं कमियां भी हैं। इनमें सबसे बड़ी कमी है भावनात्मक जुड़ाव। दीक्षांत समारोह का मुख्य उद्देश्य छात्र को उस स्थान से विदा करना है जहाँ उसने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष बिताए हैं।

**परिसर के भीतर आयोजन:** कम लागतः बाहरी स्थानों को किराए र लेने में भारी खर्च आता है, जिसका उपयोग छात्रों की शिक्षा को सुचारू बनाने में बेहतर तरीके से किया जा सकता है।

भावनात्मक बंधनः यह छात्रों को अपने दोस्तों और शिक्षकों के साथ उन स्थानों पर तस्वीरें लेने का मौका देता है जहाँ उन्होंने शिक्षा ग्रहण की है और जिससे एक अविस्मरणीय स्मृति और अनुभव जुड़ा होता है।

पहचान और संस्कृतिः विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह उसकी पहचान और संस्कृति का अभिन्न अंग होता है। इसे परिसर से बाहर ले जाना इस भावना को कमज़ोर करता है।

**निष्कर्षः एक नए और प्रासंगिक दृष्टिकोण की ओर :** दीक्षांत समारोह को परिसर के भीतर आयोजित करना सबसे बेहतर माना जाता है, क्योंकि यह छात्रों और विश्वविद्यालय के बीच के भावनात्मक बंधन को मजबूत करता है। लेकिन भव्यता के पीछे भागने और अनावश्यक खर्च करने के बजाय, हमें समारोह के मूल उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

दीक्षांत समारोह सिर्फ डिग्री देने की औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमारी शिक्षा प्रणाली में व्याप्त गहरी समस्याओं का एक प्रतीक है। यह समय है कि हम दीक्षांत समारोह की पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर एक नई और अधिक प्रासंगिक प्रणाली की ओर बढ़ें। हमें ऐसे विकल्प तलाशने चाहिएं जो छात्रों की बौद्धिक और रचनात्मक उपलब्धियों को सही मायने में सराहें, और जो आधुनिक भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप हों। यह बहस सिर्फ एक स्थान या किसी समारोह तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के भविष्य और उसके सही उद्देश्य को परिभाषित करने के विषय में है।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति, कानपुर एवं गोरखपुर विवि.; पूर्व विभागाध्यक्ष, राज. वि.वि., जयपुर।**
**और प्रोफ़ेसर गौरहरि बेहेरा**
**अंग्रेज़ी विभाग दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

# रॉयल्टी ठेकेदार की मनमानी से व्यापारी परेशान

**बयाना/भरतपुर, (निसं)।** बयाना क्षेत्र में पत्थर कारोबार से जुड़े व्यापारियों की समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में 23 दिन लंबी हड़ताल के बाद व्यापारियों और रॉयल्टी ठेकेदार के बीच जो समझौता हुआ था, वह अब बेअसर होता नजर आ रहा है। ठेकेदार की मनमानी से व्यापारियों को एक बार फिर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बयाना औद्योगिक समिति के अध्यक्ष दिनेश सूपा ने बताया कि बयाना और पहाड़पुर क्षेत्र से निकलने वाला पत्थर इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाता है। हड़ताल के बाद हुई वार्ता में कुछ अहम मुद्दों पर सहमति बनी थी, लेकिन अब फिर से उन्हीं समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इसे गंभीर चिंता का विषय बताया। इस मुद्दे पर कांग्रेस जिला महासचिव योगेश सिंघल ने भी कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गृह जिला होने के बावजूद बयाना-पहाड़पुर क्षेत्र के व्यापारी रॉयल्टी ठेकेदार की मनमानी से त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को स्वयं हस्तक्षेप कर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। व्यापारियों ने औद्योगिक समिति के नेतृत्व में जिला प्रशासन से भी मुलाकात की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। व्यापारियों का कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे फिर से आंदोलन की राह पर जाने को मजबूर होंगे।

## राशिफल रविवार 31 अगस्त, 2025


पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, अनुराधा नक्षत्र सायं 5:27 तक, वैधृति योग दिन 3:59 तक, विष्टि करण दिन 11:52 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा। **ग्रह स्थितिः** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मिथुन, शुक्र-कर्क, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।


आज भद्रा दिन 11:52 तक है। आज दुर्गाष्टमी, राधाष्टमी, श्री दाधिच जयन्ती है। आज से महालक्ष्मी व्रत आरम्भ होगा। आज वैधृति पुण्य है। आज मेला भतृहरि 3 दिन का अलवर में है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:44 से 9:18 तक, लाभ-अमृत 9:18 से 12:27 तक, शुभ 2:02 से 3:36 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:09, सूर्यास्त 6:45


### मेष


चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


### वृष

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।


### मिथुन


अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।


### कर्क

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

### सिंह

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में वाद-विवाद हो सकते हैं।

### कन्या

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा।


### तुला

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आज शुभ-मांगलिक कार्य से संबंधित यात्रा संभव है।


### वृश्चिक

मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। मनः स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

### धनु

आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

### मकर

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### कुंभ

अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### मीन

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज शुभ-धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 30 संख्याः 31 प्रभात अजमेर, रविवार 31 अगस्त, 2025 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

## ''एस.आई. भर्ती'' रद्द करने पर गहलोत ने आखिरकार अपना मुंह खोला, पर संतुष्ट नहीं कर पाये

### गहलोत ने कहा कि ''उनकी सरकार में एस.ओ.जी. में चीटिंग सैल बनाया गया था, जिसकी जांच में पेपरलीक का घोटाला उजागर हुआ।'' परंतु सत्य यह है कि, एस. आई. भर्ती-2021 में हुए पेपरलीक की जांच भजनलाल सरकार के कार्यकाल में एस.ओ.जी. को सौंपी गई थी

- गहलोत कार्यकाल में दर्ज कराई गई 10 एफ.आई.आर. और बड़े पैमाने पर हुए पेपरलीक के आरोपों के कारण कई अभ्यर्थियों ने परीक्षा रद्द करने की मांग उठाई थी, इसके बावजूद तत्कालीन सरकार ने उनकी नहीं सुनी।
- आर.पी.एस.सी. ने दिसंबर-2021 में लिखित परीक्षा तथा अप्रैल-2022 में शारीरिक परीक्षा का परिणाम जारी किया था।
- गहलोत ने अपने बयान में कहा कि, ''उनके कार्यकाल के दौरान शिक्षक ग्रेड-2 और वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा 2022 में पेपरलीक का मामला सामने आया था, जिस पर उन्होंने परीक्षा रद्द कर दी थी।'' परंतु सत्य यह है कि इन मामलों में दर्ज एफ.आई.आर. में जिस आर.पी.एस.सी. अधिकारी के लिप्त होने का आरोप था, उसके खिलाफ गहलोत कार्यकाल के पूरे 5 सालों में कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अगस्त। आखिरकार, राजस्थान हाईकोर्ट के निर्णय देने के दो दिन बाद अशोक गहलोत ने मुंह खोला। गहलोत ने आज एक छुटपुट कॉन्फ्रेंस कर एस.आई. भर्ती परीक्षा- 2021 में हुए व्यापक पेपरलीक के विषय में बयान जारी किया। लेकिन इस कॉन्फ्रेंस की जानकारी कुछ चुनिंदा पत्रकारों को ही थी, और गहलोत ने भी इस बारे में ट्विटर पर केवल एक साढे चार मिनिट का वीडियो जारी किया है। पर इस वीडियो में आरोपों को लेकर गोलमोल जवाब ही दिया है, जिम्मेदारी लेने या तय करने के बजाय वसुंधरा सरकार के दौरान नियुक्त किए गये आरपीएससी सदस्यों को ही आरोपी बताया है और स्वयं का पल्ला झाड़ने के लिए अपनी सरकार में 'चीटिंग' को रोकने के लिए उठाये गये कदमों का ढिंढोरा पीटा है।

अपने बयान में गहलोत ने कहा कि, उनकी सरकार के दौरान, वर्ष 2022 में हुई अध्यापक ग्रेड लेवल-2 और वरिष्ठ अध्यापक की भर्ती के पेपरलीक की जानकारी जैसे ही उन्हें मिली थी तो उनकी सरकार ने परीक्षा रद्द कर पुनः आयोजित करवाई थी। पर

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## संसद में स्थापित होगा भगवान जगन्नाथ के रथ का पहिया

नई दिल्ली, 30 अगस्त। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पुरी रथ यात्रा के दौरान इस्तेमाल किए गए रथों के तीन पहिये संसद परिसर में स्थापित करने के श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एसजेटीए ने एक बयान में कहा, ''पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के दौरे के दौरान प्रशासन ने संसद परिसर में रथों के तीन पहिये स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। बिरला ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।'' एसजेटीए के

- लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया कि रथ यात्रा के तीनों रथों का एक-एक पहिया संसद में स्थापित किया जाए।

मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''माननीय लोकसभा अध्यक्ष ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ आज श्री जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु का आशीर्वाद लिया। हम माननीय अध्यक्ष के प्रति अत्यंत आभारी हैं कि उन्होंने रथ यात्रा के दौरान इस्तेमाल किए गए तीन रथों में से प्रत्येक रथ का एक पहिया संसद परिसर में एक प्रमुख स्थान पर स्थापित

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के अनुसार ट्रम्प ने ''सैल्फ गोल'' किया है

- उदाहरण के लिए, भारी टैरिफ लगाने से अमेरिका में रोजमर्रा का सामान, टैक्सटाइल्स, सी-फूड, फर्नीचर आदि महंगे हो जायेगें, तथा महंगाई से आम जनता की जेब खाली होगी, जो ट्रम्प भरने का दावा कर रहे हैं।
- राजन का दूसरा तर्क है, भारी टैरिफ लगने से डिमाण्ड (मांग) कम हो जायेगी। अतः अमेरिका के व्यापारी टैरिफ का ''प्रोटेक्शन'' (सुरक्षा) मिलने से जो लाभ मिलने की आशा थी, वह ''डिमाण्ड'' कम होने से नुकसान में परिवर्तित हो जायेगा।
- राजन का तीसरा तर्क है, आयातित वस्तुओं पर भारी टैरिफ लगाने की प्रतिक्रिया स्वरूप, दूसरे देश भारी टैरिफ लगायेंगे, जिससे अमेरिका से निर्यात की जाने वाली वस्तुएं, जैसे कृषि उत्पाद, बादाम, सेव व दालों के निर्यात में भारी कमी आयेगी। जिससे अमेरिका के किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा।
- राजन का मानना है, कि टैरिफ बहुत पुराना ''आऊट-डेटेड'' हथियार है, जिसकी धार बहुत पहले ही कुन्दित हो चुकी है। टैरिफ नीति कुछ समय के लिए लाभ देती नज़र आती है, पर दीर्घकाल में टैरिफ की सुरक्षा प्रतिस्पर्धा, कार्यकुशलता तथा ''इनोवेशन'' को निरुत्साहित करती है।
- अतः, अमेरिका को टैरिफ की दीवार के पीछे छुप कर बैठने से लाभ नहीं, वरना स्किल (हुनर), इंफ्रास्ट्रक्चर, रिसर्च को प्रोत्साहित करना चाहिए।

- सुकुमार साह -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 30 अगस्त। रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन, जो शिकागो विश्वविद्यालय के बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस में वित्त के प्रोफेसर हैं, ने भारत और अन्य देशों पर ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ़ को ''सैल्फ गोल'' कहा है। उनका कहना है कि वॉशिंगटन, जैसे भारत या चीन जैसे प्रतिस्पर्धियों पर वार करने की कोशिश कर रहा है, वह अंततः अपनी ही अर्थव्यवस्था को अधिक गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। उनका तर्क तीन प्रमुख पहलुओं में पर आधारित है।

पहला, टैरिफ़ घरेलू कीमतों को बढ़ाते हैं। जब अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत जैसे ऊंचे शुल्क लगाता है, तो उन आयातों की कीमत स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। अमेरिका में आयातक या तो इस उच्च कीमत को उपभोक्ताओं पर डाल देते हैं या अपने खुद के मुनाफे को घटाकर इसे खुद वहन कर लेते कर लेते हैं। किसी भी स्थिति में, अमेरिकी घरों को वस्त्र, समुद्री भोजन, फर्नीचर या वस्त्र जैसे रोजमर्रा के सामान के लिए ज्यादा कीमतें देनी पड़ती हैं। चूंकि निम्न-आय वाले परिवार अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा ऐसे सामानों पर खर्च करते हैं, इसलिए उन पर सबसे ज्यादा बोझ पड़ता है। महंगाई का यह प्रभाव खुद को ही पराजित करता है। क्योंकि यह उसी क्रय शक्ति को कमज़ोर करता है, जिसे नीति निर्माता बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

दूसरा, उच्च टैरिफ़ मांग को

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## 'राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ लगाने में हद पार कर दी'

### अमेरिका के एक फैडरल अपील कोर्ट ने ट्रंप की टैरिफ नीति पर अंकुश लगाते हुए सख्त टिप्पणी की

- कोर्ट ने 7 बनाम 4 के बहुमत से दिए फैसले में कहा, ट्रंप ने नैशनल इमरजैंसी के नाम पर दुनिया के सभी देशों पर टैरिफ लगाकर हद ही पार कर दी है।
- कोर्ट के इस निर्णय से ट्रंप को तगड़ा झटका लगा है, जो यह दावा करते हैं कि विदेशी उत्पादों पर टैरिफ लगाने का उन्हें पूरा अधिकार है, इसके लिए कांग्रेस की अनुमति की जरूरत भी नहीं है।
- ट्रंप के लिए, हालांकि, राहत की बात यह रही कि कोर्ट ने टैरिफ वापस लेने का आदेश नहीं दिया है और अमेरिकी प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का समय दिया है।

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 30 अगस्त। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर यह दावा किया था कि उन्हें कांग्रेस को दरकिनार करते हुए विदेशी उत्पादों पर बड़े पैमाने पर कर (टैरिफ) लगाने की लगभग असीमित शक्ति प्राप्त है। लेकिन अब एक संघीय अपील अदालत ने उनके इस रास्ते में बड़ा रोड़ा खड़ा कर दिया है।

यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द फैडरल सर्किट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि ट्रम्प ने उस समय हद पार कर दी जब उन्होंने राष्ट्रीय आपात स्थिति का हवाला देते हुए लगभग हर देश से होने वाले आयात पर भारी टैरिफ लगा दिए। इस फैसले ने मुख्य रूप से न्यूयॉर्क की एक विशेष संघीय व्यापार अदालत के मई में दिए गए निर्णय को बरकरार रखा है।

हालांकि, 7 बनाम 4 के बहुमत से आए इस फैसले में उस हिस्से को खारिज कर दिया गया है जिसमें टैरिफ्स को तुरंत हटाने की बात थी। इसके परिणामस्वरूप ट्रम्प प्रशासन को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का अवसर मिल गया है।

यह फैसला ट्रम्प के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, जिनकी अस्थिर व्यापार नीतियों ने न केवल वित्तीय बाजारों को हिला दिया, बल्कि कारोबारियों को अनिश्चितता में डाल दिया और महंगाई व आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ा दी। इस मामले में अंतिम

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## नोबेल के लिए नॉमिनेट नहीं किया, तो ट्रंप ने टैरिफ लगाया

वॉशिंगटन, 30 अगस्त। भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते उस वक्त खराब होने शुरू हो गए जब नरेन्द्र मोदी और डॉनल्ड ट्रंप के बीच टेलीफोन पर बात हुई थी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने बड़ा खुलासा करते हुए उस दिन की बात बताई है, जब पीएम मोदी और ट्रंप के बीच कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन से इतर टेलीफोन पर बात हुई थी। 17 जून को पीएम मोदी और ट्रंप के बीच करीब 35 मिनट कर टेलीफोन पर बात हुई थी और इस दौरान ट्रंप ने मोदी से उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करने को कहा था। न्यूयॉर्क टाइम्स ने खुलासा करते हुए कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप नोबेल पुरस्कार के लिए बार बार भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले संघर्ष को खत्म करवाने की बात कर रहे हैं।

- न्यूयार्क टाइम्स ने भारत पर टैरिफ लगाने के कारण का खुलासा किया।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक 17 जून को टेलीफोन पर ट्रंप

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## भारी आशाओं के बीच प्र.मंत्री मोदी शनिवार के दोपहर को चीन पहुंचे

### उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात रविवार को होगी

- इससे पहले विदेश मंत्री एस.जयशंकर व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल चीन के विदेश मंत्री वैंग पी से विस्तार से बात कर चुके हैं, आपसी मुद्दों पर, जिसका सार है सीमा पर शांति स्थापित रखना, सीमा पर व्यापार की सम्भावना को सुलभ बनाना तथा दोनों देशों के बीच सीधी विमान सेवा शुरू करना।
- इस शिखर सम्मेलन के दौरान प्र.मंत्री मोदी, रूस के राष्ट्रपति पुतिन से भी मुलाकात व बातचीत करेंगे।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अगस्त। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर थोपे गए टैरिफ युद्ध से उपजे दबाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सात वर्षों के अंतराल के बाद चीन पहुंचे। उनके इस दौरे से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक को लेकर बड़ी उम्मीदें जताई जा रही हैं, जिससे भारत-चीन संबंधों को नई दिशा मिल सकती है।

रविवार को शी जिनपिंग के साथ उनकी निर्धारित बैठक को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की टैरिफ नीति से उत्पन्न हालात के मद्देनजर अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसने दुनिया की लगभग सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है।

प्रधानमंत्री जापान से चीन पहुंचे हैं, जो उनके दो देशों के दौरे का दूसरा और अंतिम चरण है।

मोदी के रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और सम्मेलन में आए अन्य कई नेताओं से भी द्विपक्षीय वार्ताएं करने की संभावना है।

प्रधानमंत्री की यह यात्रा उस समय हो रही है, जब चीन के विदेश मंत्री वांग यी हाल ही में भारत की यात्रा कर चुके हैं।

वांग यी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से विस्तृत बातचीत की थी, जिसके बाद दोनों पक्षों ने स्थिर, सहयोगपूर्ण और भावी-दृष्टिकोण वाले संबंधों के लिए कई उपायों की घोषणा की थी।

इन उपायों में विवादित सीमाओं पर शांति बनाए रखने, सीमावर्ती व्यापार फिर से शुरू करने, और सीधी उड़ानों को जल्द बहाल करने जैसे कदम शामिल थे।

पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों ने उन तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के प्रयास किए हैं, जो जून 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़पों के बाद बिगड़ गए थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछली बार जून 2018 में चीन की यात्रा की थी, जब वह एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। शी जिनपिंग ने अक्तूबर 2019 में भारत का दौरा किया था, जो दोनों नेताओं के बीच दूसरा अनौपचारिक शिखर सम्मेलन था।

पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के बीच तनातनी का अंत 21 अक्तूबर 2024 को हुए उस समझौते के बाद हुआ था, जिसके तहत डेमचोक और डेपसांग जैसे आखिरी दो तनाव बिंदुओं से सैनिकों की वापसी पूरी हो गई थी।

## 'प्रतिबंध के बावजूद कार्य व्यवस्था के नाम पर तबादला क्यों'

जयपुर, 30 अगस्त। राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने सरकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर पर प्रतिबंध होने के बावजूद कार्य व्यवस्था के नाम पर वन विभाग में कार्यरत सर्वेयर का तबादला करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अधिकरण ने प्रमुख वन सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और उप वन संरक्षक, झालावाड़ से जवाब तलब किया है। अधिकरण के सदस्य चेतनराम देवड़ा और लेखराज तोसवडा ने यह आदेश राजेश कुमार की अपील पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

अपील में अधिवक्ता सुनील

- सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने प्रमुख वन सचिव व प्रधान मुख्य वनसंरक्षक से जवाब मांगा।

कुमार सिंगोदिया ने अधिकरण को बताया कि राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने परिपत्र जारी कर राज्य कर्मचारियों के तबादले पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बावजूद झालावाड़ में तैनात अपीलार्थी को गत 15 जुलाई को कार्य व्यवस्था के नाम पर टोंक में लगा दिया। इसको चुनौती देते हुए कहा गया कि राज्य सरकार का एक विभाग दूसरे विभाग के परिपत्र की पालना नहीं कर रहा है। इसके अलावा सेवा नियमों में कार्य व्यवस्था के नाम पर पदस्थापित करने का कोई प्रावधान ही नहीं है। इसके अलावा अपीलार्थी अल्प वेतन भोगी है और मूल जगह के

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## सोमवार को जम्मू जाएंगे शाह

नयी दिल्ली, 30 अगस्त। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भीषण बाढ से जूझ रहे जम्मू कश्मीर में स्थिति का जायजा लेने के लिए सोमवार को जम्मू जायेंगे। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार शाह सोमवार को जम्मू पहुंचने के बाद बाढ से बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे।

इसके बाद वह दिन में राजभवन में

- केन्द्रीय गृहमंत्री जम्मू के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे और बाढ़ राहत कार्यों का जायजा लेंगे।

उप राज्यपाल , सेना तथा प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक बैठक में राहत और बचाव अभियानों की समीक्षा करेंगे। बैठक में बाढ से प्रभावित राहत और पुनर्वास कार्यों के बारे में भी बातचीत की जायेगी। जम्मू कश्मीर में हो रही अप्रत्याशित बारिश , बादल फटने की घटनाओं, भूस्खलन और माता वैष्णों देवी मार्ग पर हुए हादसे के कारण सौ से भी अधिक लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हुए हैं।

## 'भारत विश्व के गैर कानूनी घुसपैठियों की राजधानी नहीं है'

### सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने झुंझला कर सुप्रीम कोर्ट में कहा

- एडवोकेट प्रशान्त भूषण ने बार-बार तुषार मेहता को घेर कर पूछा, ''भाषा कैसे मापदण्ड हो सकती है किसी की नागरिकता का निर्णय लेने के लिए।''
- तुषार मेहता ने प्रत्युत्तर में पूछा, ''सिविल सोसायटी ग्रुप्स की क्या भूमिका है? ये संस्थाएं क्यों इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में आती हैं, अगर किसी व्यक्ति विशेष को दिक्कत हो तो वह न्यायालय में आये। क्यों एक सुनियोजित तरीके से घुसपैठिये आते हैं, और इससे देश के संसाधनों पर भार पड़ता है।''

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 30 अगस्त। पश्चिम बंगाल में लगभग हर व्यक्ति बंगाली बोलता है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि सिर्फ बंगाली भाषा बोलने के आधार पर किसी व्यक्ति को अवैध बांग्लादेशी प्रवासी मान लिया जाए। अदालत ने स्पष्ट किया कि भाषा के आधार पर किसी को विदेशी करार नहीं दिया जा सकता।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि बंगाली बोलने वाले श्रमिकों, जिनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल थी, को अवैध रूप से हिरासत में लेकर बांग्लादेश में धकेल दिया गया।

न्यायमूर्ति बागची ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा, हम चाहते हैं कि आप यह स्पष्ट करें कि भाषा के आधार पर किसी को विदेशी मानने की यह पूर्वाग्रहपूर्ण सोच क्यों है?

उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर भाषा जैसे पहचान चिन्हों के आधार पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं हो सकता।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि सीमा पर तैनात अधिकारी बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के लोगों को निर्वासित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह महिला गर्भवती थी और उसे जबरन देश से बाहर धकेल दिया गया-बिना यह साबित किए कि वह विदेशी है या नहीं। वे कह रहे हैं बंगाली भाषा बांग्लादेशी भाषा है, इसलिए जो भी बंगाली बोले, वह बांग्लादेशी है। कोई भी अधिकारी किसी को भी विदेशी साबित किए बिना उसे देश से बाहर कैसे निकाल सकता है?

भूषण ने यह भी बताया कि उस महिला को बाद में बांग्लादेश में विदेशी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया गया, क्योंकि उसे भारतीय नागरिक माना गया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि हिबीस कॉर्पस याचिकाओं को सिर्फ इसलिए लंबित नहीं रखा जा सकता क्योंकि इससे संबंधित मामले उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन हैं, और उन्होंने कोलकाता हाई कोर्ट से अनुरोध किया कि वह इस मामले की जल्द सुनवाई करे।

भूषण ने जोर देते हुए कहा कि ट्रिब्यूनल के आदेश के बिना कोई भी व्यक्ति देश से निष्कासित नहीं किया जा सकता।

जब न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने उल्लेख किया कि फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल केवल असम में हैं, तो भूषण ने उत्तर दिया कि वास्तव में सीमा सुरक्षा बल अपने विवेक से कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, कई बार बीएसएफ वाले कहते हैं, उधर भाग जाओ वरना गोली मार देंगे।

न्यायमूर्ति बागची ने टिप्पणी की, कोई भी व्यक्ति यदि भारत की सीमा के भीतर पाया जाए, तो उसके साथ कानून के अनुसार व्यवहार किया जाना चाहिए। एक बार व्यक्ति भारतीय सीमा के भीतर आ गया, तो उसके खिलाफ कोई भी कार्रवाई तय प्रक्रिया से होनी चाहिए।

सरकार की ओर से पैरवी कर रहे सॉलिसिटर जनरल मेहता ने तर्क दिया, कि इस तरह की याचिकाओं के पीछे सामाजिक संगठनों की भूमिका पर सवाल है। उन्होंने कहा, ऐसे संगठन ही क्यों कोर्ट में आते हैं? किसी व्यक्ति को भी आने दिया जाए। भारत अवैध प्रवासियों की वैश्विक राजधानी नहीं है। साथ ही उन्होंने व्यवस्थित घुसपैठ को

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# उदयपुर जिले में बारिश का दौर जारी, वल्लभनगर बांध छलका

## बरसात से वल्लभनगर बांध पर एक किलोमीटर लंबी चादर चली

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर जिले में बारिश का दौर जारी है। पिछोला झील में सीसारमा नदी से आवक जारी है। सीसारमा नदी में शनिवार को चार फीट पानी का बहाव बना हुआ है। फतहसागर को भरने वाली मदार नहर में 3 फीट बहाव जारी है।


- **सीसारमा चार फीट, मदार नहर तीन फीट चली**

उदयसागर के दोनों गेट पांच-पांच फीट खुले होने से 19.50 फीट पूर्ण भराव स्तर वाला वल्लभनगर बांध ओवरफ्लो हो गया है। इस पर करीब एक किलोमीटर लंबी चादर चल रही है। वल्लभनगर बांध पर चादर चलने से अब मावली क्षेत्र में स्थित बड़गांव बांध में भी आवक हो सकेगी। बड़गांव बांध का जलस्तर 7.62 मीटर के मुकाबले 4.91 मीटर है। इसके छलकने पर चित्तौड़ क्षेत्र के घोसूंडा बांध की पूर्ति हो सकेगी। घोसूंडा बांध का जलस्तर 423 आरएल मीटर के मुकाबले 419.60 मीटर हुआ है। इस बांध को भी भरने के लिए काफी पानी की जरूरत है।

फतहसागर और स्वरूपसागर के चारों गेट खोल रखे हैं और मदार के तालाब भी छलक रहे हैं। इससे आयड नदी होते हुए उदयसागर में आवक बनी हुई है। मानसी वाकल बांध पूरा भर चुका है। शुक्रवार को इसके गेट खोले गए जो कि शनिवार को वापस बंद कर दिए गए। अब यदि मानसी वाकल के कैचमेंट में तेज बारिश होती है तो फिर से मानसी वाकल बांध के गेट खोलने होंगे। ऐसे में अब जो भी पानी आएगा वह सीधा गुजरात ही जाएगा। देवास प्रथम बांध भी छलकता है तो उसका पानी भी गुजरात जाएगा। देवास प्रथम बांध तीन फीट ही खाली है। आकोदड़ा और मादडी बांध भी बहुत ज्यादा खाली नहीं है। ओवरफ्लो होने पर इनका पानी भी मानसी वाकल बांध होते हुए गुजरात जाएगा। पिछले 24 घंटों में उदयपुर के वल्ललनगर में सर्वाधिक 58 मिलीमीटर यानी दो इंच बारिश हुई। शहर में 20, मदार 16, नाई 32, बागोलिया 38, देवास प्रथम बांध 32, गोगुंदा 10, झाड़ोल में 41, कोटडा में 17 और सेई बांध पर 23 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

# थानागाजी क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से रुपारेल नदी उफान पर

## मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित, कई गांवों के रास्ते जलमग्न



थानागाजी क्षेत्र में बीती रात मूसलाधार बारिश होने से रुपारेल नदी उफान पर आ गई।

**अलवर, (निसं)।** थानागाजी क्षेत्र में बीती रात मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। देर रात करीब 12:30 बजे से सुबह 4:30 बजे तक लगातार चार घंटे तक हुई तेज बरसात से सभी छोटे-बड़े बांधों में उपरा चल गई। वहीं रुपारेल नदी उफान पर आ गई। कई गांवों के रास्ते जलमग्न हो गए और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को करीब आठ बजे भर्तृहरि पुलिया पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। जान जोखिम में डालते हुए लोग बाबा भर्तृहरि के जयकारे लगाते हुए धाम की ओर रवाना हुए। पुलिया पर पानी का बहाव बना हुआ था, इसके बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ।

भर्तृहरि मेले में दंडौती देने वाले भक्तों को टूटी सड़क की रोड़ियों की चुभन से बचने के लिए गद्दा भी साथ लाना पड़ रहा है। अलवर के अलापुर निवासी युवक बूटा सिंह (25) दंडौती करते हुए कुशालगढ़ से आगे जा रहे थे। उसने अपना दर्द बयां किया। बूटा सिंह ने कहा कि घर से चला तब सामान्य रूप से दंडौती देता हुआ आ गया, लेकिन कुशालगढ़ से आगे रोड़ियां इतनी चुभने लगी कि गद्दा मंगाना पड़ा। हालत ये हो गई कि पसलियों में दर्द और सूजन आ गया। इसके कारण गद्दा मंगाना पड़ा। अब मजबूरी में गद्दे के ऊपर लेटकर दंडौती देता आ रहा हूं।

### बारिश से कच्चे मकान की छत गिरी, बच्चे की मौत

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के लूणकरणसर में मलकीसर छोटा में बारिश के कारण एक कच्चे मकान की छत ढह गई, जिससे 10 साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे का शव फिलहाल सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखा गया है। हादसा देर रात करीब तीन बजे हुआ है।


जानकारी के अनुसार लूणकरणसर सहित आसपास के क्षेत्रों में देर रात तक तेज बारिश थी। यहां मलकीसर छोटा गांव के चक 17 एमकेडी में देर रात करीब तीन बजे कच्चे मकान की छत ढह गई। लकड़ी और घासफूस की बनी ये छत 10 साल के शौर्य के ऊपर गिरी। शौर्य अपनी मां ममता के पास सो रहा था। शौर्य को सिर में चोट आई, वहीं मां के पैर में चोट लगी। परिजन शौर्य को लेकर तुरंत अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के समय उसके पिता धर्मपाल भी वहीं थे। बारिश तेज होने के कारण वो उठ गए थे। वो बारिश के पानी को रोकने का प्रबंध कर रहे थे, तभी छत नीचे आ गिरी। वो खुद तो बच गये, लेकिन बेटा और पत्नी चपेट में आ गए। जिसमें बेटे की मौत हो गई।

# 60 लाख का मादक पदार्थ जब्त, पांच आरोपी गिरफ्तार

**डीडवाना, (निसं)।** कुचामन जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डीडवाना-कुचामन पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने डीडवाना एसपी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी कि 29 और 30 अगस्त को परबतसर, कुचामनसिटी और मकराना थाना क्षेत्रों में की गई पुलिस कार्रवाई में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 275.93 ग्राम एमडीएमए, 39.4 ग्राम गांजा, 1 लाख 18 हजार नकद, तीन वाहन और पांच मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपये है।

- **275.93 ग्राम एमडीएमए, 39.4 ग्राम गांजा, 1 लाख 18 हजार नकद, तीन वाहन और पांच मोबाइल फोन बरामद किए**



पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जब्त किया।

एसपी तोमर ने बताया कि थाना परबतसर पुलिस ने मंगलाना चौकी के पास नाकाबंदी में क्रेटा कार को रोका और तलाशी में धन्नाराम और राजूराम के कब्जे से 203.72 ग्राम एमडीएमए बरामद किया। कुचामनसिटी थाना पुलिस ने नारायणपुरा पुलिया के पास चेकिंग के दौरान वीटो कार से हेमाराम को पकड़ा, जिसके कब्जे से 56.64 ग्राम एमडीएमए मिला। वहीं मकराना थाना पुलिस ने न्यू बाइपास रोड पर आई-10 कार को रोककर अशोक बीदावत और मीनाक्षी सांसी को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 15.57 ग्राम एमडीएमए, 39.4 ग्राम गांजा और 1 लाख 18 हजार रुपये नकद मिले।

# राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी सड़क हादसे में घायल



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी को घायल अवस्था में गीतांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में चीरवा टनल के पास शुक्रवार देर रात राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। हादसे में विधायक दीप्ति माहेश्वरी की चार पसलियों में फ्रेक्चर आया है। डॉक्टरों ने उन्हें गंभीर अवस्था को देखते हुए आईसीयू में भर्ती कर विशेष निगरानी में रखा। उनके साथ कार में सवार पीए जय कनोजिया और ड्राइवर धर्मेंद्र नगारची भी घायल हुए हैं। जय के सिर पर गहरी चोटें आई हैं जबकि धर्मेंद्र को भी कई जगह चोटें आई हैं, जिन्हें तत्काल पेसिफिक हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद परिजन गीतांजलि हॉस्पिटल लेकर गए, जहां तीनों का उपचार जारी है।

- **विधायक दीप्ति की चार पसलियां टूटीं, पीए को सिर में चोटें आईं, ड्राइवर भी घायल हुआ**
- **दीप्ती माहेश्वरी की गाड़ी और गुजरात नंबर की गाड़ी में भिड़ंत होने से कार क्षतिग्रस्त हो गई**


पुलिस ने बताया कि दीप्ति माहेश्वरी बीती रात नाथद्वारा से उदयपुर आ रही थी। देर रात करीब एक बजे चीरवा टनल क्रॉस किया ही था अमरख महादेव जाने वाले डिवाइडर कट के पास उदयपुर से चीरवा टनल की ओर आती गुजरात नंबर के वाहन चालक ने अचानक डिवाइडर कट से यू टर्न लिया, जिससे चीरवा से उदयपुर आ रही दीप्ती माहेश्वरी की गाड़ी और इस गुजरात नंबर की गाड़ी में जोरदार भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीनों लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे में घायल सभी लोगों को हॉस्पिटल पहुंचाया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर मौके पर यातायात बहाल किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा अमरखजी मंदिर से आगे चीरवा टनल की ओर जाने वाले कट के पास हुआ। उदयपुर से नाथद्वारा की दिशा में जा रही गुजरात नंबर की गाड़ी के चालक ने अचानक कट लिया और सामने से आ रही विधायक की गाड़ी से टकरा गया। दीप्ति माहेश्वरी शुक्रवार रात को राजसमंद जिले में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर उदयपुर लौट रही थीं। घर से करीब 10 किलोमीटर पहले ही उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। शनिवार को उदयपुर के गणगौर घाट पर धार्मिक आयोजन था। इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वह शुक्रवार रात राजसमंद से उदयपुर लौट रही थीं।

विधायक के पिता सत्यनारायण माहेश्वरी ने बताया कि हादसे के समय कार में उनकी बेटी के साथ पीए जय और ड्राइवर धर्मेंद्र मौजूद थे। तीनों को समय रहते अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड,जिला महामंत्री देवीलाल सालवी और जिला प्रवक्ता गोविंद दीक्षित ने हॉस्पिटल पहुंचकर विधायक का हालचाल जाना। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि विधायक दीप्ति माहेश्वरी खतरे से बाहर हैं और शनिवार को उन्हें आईसीयू से वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाएगा। विधायक की कार को टक्कर मारने वाली गाड़ी गुजरात नंबर की है। उसमें चार युवक सवार थे। हादसे के बाद सुखेर थाना पुलिस ने चारों को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि ये युवक मैकेनिक हैं और उदयपुर के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हॉस्पिटल प्रशासन ने उनके इलाज व देखभाल के लिए सीनियर डॉक्टर्स की टीम का गठन किया है। वर्तमान में दीप्ति माहेश्वरी की हालत स्थिर हैं और पूर्णतः होश में हैं। दीप्ति माहेश्वरी के दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में उदयपुर व राजसमंद के भाजपा पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे तथा उनकी कुशलक्षेम पूछने वालों का ताता लग गया।

# 133 किलो अवैध डोडा-चूरा जब्त, आरोपी फरार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** डीएसटी टीम भीलवाड़ा एवं फूलियाकलां पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक फार्च्यूनर कार से सात कट्टों में 133 किलो अवैध डोडा-चूरा जब्त किया है। आरोपी कार छोड़ फरार हो गए। फूलियाकलां थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि फूलियाकलां थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम थाना क्षेत्र के अरवड़ चौकी के सामने नाकाबंदी कर रखी थी। इस दौरान एक फार्च्यूनर कार शाहपुरा से आती दिखी और रुकवाने पर चालक ने गाड़ी को नाकाबंदी पर नहीं रोकते हुए फरार हो गया। टीम ने कार का पीछा करते हुए थोड़ी दूर पर पुलिस एवं डीएसटी की दूसरी टीम को सूचना दी, जिस पर दूसरी संयुक्त टीम ने सूचना पर टायर बस्टर्ड लगाकर आरोपियों की कार का टायर बर्स्ट कर दिया गया तथा पुलिस की टीमें पीछा करने लग गई। टायर फटने के बावजूद भी आरोपी कार को भगाते हुए ईटडिया गांव से रणजीतपुरा रोड़ के पास माताजी मंदिर के कच्चे रास्ते पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। कार की तलाशी पर उसमें 7 कट्टो में भरा अवैध डोडा-चूरा पाया गया, जिसका वजन 133 किलोग्राम हुआ।



**जैसलमेर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को जैसलमेर के मोहनगढ़ पहुंचे और बाड़मेर-जैसलमेर के पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व. चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। भजन लाल शर्मा ने स्व. कर्नल सोनाराम चौधरी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस दौरान विधायक छोटू सिंह भाटी, कुलदीप धनखड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कॉलेज में प्रवेश के लिये फिर से अवसर

**अजमेर।** राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, अजमेर तथा राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय ब्यावर (कैम्प अजमेर) के प्रथम वर्ष तथा राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, अजमेर के द्वितीय वर्ष (लेटरल इंट्री) शैक्षिणक सत्र 2025-2026 के लिये प्रवेश में रिक्त रही सीटों पर खुले प्रवेश के लिये प्रवेश एवं सूचना हेतु ऑफलाइन व ऑन लाइन आवेदन प्रक्रिया पुनः प्रारम्भ की जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील जैन ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी आधिकारिक डिप्लोमा एडमिशन वेबसाइट पर जाकर रिक्त सीटों और प्रवेश की जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। महत्त्वपूर्ण तिथियाँ : प्रथम चरण में ऑनलाइन आवेदन तिथि 1 सितम्बर से 3 सितम्बर , महाविद्यालय में मूल दस्तावेज एवं फीस रसीद संग्रह 04.09.2025, द्वितीय चरण में ऑनलाइन आवेदन तिथि 10 सितम्बर से 14 सितम्बर, महाविद्यालय में मूल दस्तावेज एवं रसीद संग्रह 15 सितम्बर है।

# ट्रक-बाइक की टक्कर में एक की मौत

**राजगढ़, (निसं)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के मूनपुर पुलिया के पास केंटरा ट्रक एवं बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक राकेश मीणा निवासी दलालपुरा की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना में दूसरी बाइक सवार दो लोग चपेट में आने से घायल हो गए। कोठी नारायणपुर पुलिस चौकी के हेड कांस्टेबल रमेश मीणा ने बताया कि दलालपुरा थाना राजगढ़ निवासी जगदीश मीणा ने दर्ज कराया कि उसका छोटा भाई राकेश मीणा पुत्र कालूराम मीणा 30 अगस्त को किसी कार्य से घर से निकला था जो कार्य करके वापस घर लौट रहा था। मूनपुर पुलिया के पास करीब 4:10 बजे सामने से आ रहे केंटरा चालक ने साइड में चल रहे उसके भाई को टक्कर मार दी। दुर्घटना में राकेश की मौके पर मौत हो गई। इधर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी।

# एकतरफा प्यार में लड़की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

## बड़े भाई और पिता को भी 3-3 साल की सजा, लड़की को छत पर जाकर गोली मारी थी

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर के कोतवाली थाना इलाके में चार साल पहले एक लड़की की प्रेम प्रसंग के चलते गोली मारकर हत्या कर दी थी। अब कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास और उसके पिता और भाई को 3-3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही मुख्य आरोपी पर 20 हजार और उसके भाई और पिता पर 5-5 हजार का जुर्माना लगाया है। आरोपी ने चार साल पहले एक लड़की की हत्या कर दी थी।

एक तरफा प्यार करता था आरोपी :-कुलदीप धनकड़, लोक अभियोजक,ने बताया कि शहर कोतवाली इलाके स्थित मुखर्जी नगर कॉलोनी में 26 जनवरी 2021 की सुबह उसी कॉलोनी के रहने वाले युवक सुनील (24) ने अंकिता (19) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सुनील अंकिता से एक तरफा प्यार करता था। 26 जनवरी के दिन अंकिता अपनी छत पर घूम रही थी। अंकिता के पिता शक्ति राजपूत और मां रेखा स्कूल गए हुए थे। अंकिता के माता-पिता सरकारी टीचर थे। घर पर अंकिता और उसकी बड़ी बहन कनिष्का घर थी। इस दौरान आरोपी सुनील घर के बगल में सीढ़ी लगाकर अंकिता की छत पर पहुंचा और उसके अंकिता के पेट में दाई तरफ गोली मारकर फरार हो गया। गोली चलने की आवाज सुन अंकिता की बड़ी बहन कनिष्का छत पर पहुंची। तब तक सुनील फरार हो चुका था। कनिष्का ने अपने माता पिता को फोन कर घटना के बारे में बताया। दूसरी तरफ सुनील को भागते समय कॉलोनियों के लोगों ने देख लिया था। घटना के बाद तुरंत अंकिता को अस्पताल लेकर जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।



पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपियों को कोर्ट में पेश किया।

अंकिता के पिता की शिकायत पर सुनील को 4 फ़रवरी 2021 को गिरफ्तार किया गया था। सुनील के साथ उसके पिता वीरेंद्र और भाई राकेश को भी गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद आज अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश महिला उत्पीड़न प्रकरण कोर्ट ने मामले पर फैसला सुनाते हुए सुनील को आजीवन कारावास की सजा और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही सुनील को पुलिस से बचाने के आरोप में पिता वीरेंद्र और भाई राकेश सिंह को 3 -3 साल की सजा और 5-5 हजार का जुर्माना लगाया है।

# केंद्रीय गृहमंत्री के लिए ऐसा बयान भारत की आत्मा पर हमला है : के.के. गुप्ता



के.के गुप्ता।

**उदयपुर, (कासं)।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के उस चौंकाने वाले बयान ने पूरे राजनीतिक गलियारे को हिला कर रख दिया है, जिसमें उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को लेकर कहा कि अगर गृह मंत्रालय सीमा सुरक्षा करने में विफल है, तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। यह बयान न केवल संसदीय मर्यादाओं के विपरीत माना जा रहा है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के मूल्यों पर भी सीधा प्रहार भी माना जा रहा है। महुआ मोइत्रा का यह बयान इतिहास में एक कलंक की तरह दर्ज होगा और जनता इस कलंक को वोट की ताकत से धो डालेगी।

- **तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बारे में दिए गये बयान पर सियासी तूफान मचा**
- **जो सांसद गृहमंत्री का सिर काटने की बात करती है, जनता उसी का राजनीतिक सिर वोट की चोट से काटकर हमेशा के लिए खत्म कर देगी : के.के. गुप्ता**

मोइत्रा के बयान पर तीखा हमला बोलते हुए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के स्टेट कोऑर्डिनेटर और प्रमुख भाजपा नेता के.के. गुप्ता ने कहा, कि जो सांसद गृहमंत्री का सिर काटने की बात करती है, जनता उसी का राजनीतिक सिर वोट की चोट से काटकर हमेशा के लिए खत्म कर देगी। यह भाषा किसी जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देती। यह न लोकतंत्र की जुबान है, न भारतीय संस्कृति की पहचान है। गुप्ता ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह देश की सीमाओं की सुरक्षा में दिन-रात जुटे हैं। उनकी अगुवाई में कई ऐतिहासिक फैसले हुए हैं और देश की आंतरिक सुरक्षा को नई मजबूती मिली है। ऐसे में उनके खिलाफ 'सिर काटने' जैसी बातें करना न केवल असभ्य है बल्कि देश की जनता का भी अपमान है। मोइत्रा का यह बयान साबित करता है कि तृणमूल कांग्रेस के पास न कोई दृष्टि है, न कोई नीति। जब मुद्दों की राजनीति खत्म हो जाती है, तो नेता ऐसी जहरीली भाषा बोलते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र बहस और विचारों के आदान-प्रदान से चलता है, धमकियों और हिंसक शब्दावली से नहीं। यह भारत है, यहां सिर नहीं, अहंकार कटता है। यहां तलवार से नहीं, जनता की ताकत से फैसले होते हैं। मोइत्रा का यह बयान सिर्फ गृहमंत्री अमित शाह पर हमला नहीं, बल्कि भारत के संविधान और संसद की गरिमा पर हमला है और इस हमले का जवाब देश की जनता देगी। गुप्ता ने दोहराया कि भाजपा और देश की जनता ऐसे विचारों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। लोकतंत्र में सिर काटने की भाषा नहीं, सेवा और संघर्ष की संस्कृति है।

## संक्षिप्त

### बरड़वा में नया पुलिस थाना शरु

**डीडवाना** जिले के ग्राम बरड़वा में 27 सालों बाद फिर से बरड़वा पुलिस थाने का आज शुभारंभ हुआ। इस मौके पर राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि पुलिस थाने का उद्घाटन किया। इस मौके पर जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत, एसपी रिचा तोमर, डिप्टी एसपी धरम पूनिया, भाजपा नेता जितेंद्र सिंह जोधा, करणी सिंह सहित पुलिस के अनेक आला अधिकारी मौजूद रहे। बरड़वा थाना ब्रिटिशकाल के दौरान निर्मित हुआ था। इस पुलिस थाने में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत भी बतौर थानाधिकारी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। लेकिन 1998 में इस थाने को बंद कर दिया गया था, मगर भजनलाल सरकार ने अपने बजट भाषण में दोबारा बरड़वा थाने को खोलने के घोषणा की थी। इसके तहत आज बरड़वा पुलिस थाने का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार अपराधों पर लगाम लगाने और आमजन व महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। इसी कारण प्रदेश भर में नए पुलिस थाने खोले गए हैं। इसी क्रम में आज बरड़वा पुलिस थाने का भी शुभारंभ किया गया है। इस थाने के खुलने से बरड़वा सहित आसपास के 35 गांवो की सुरक्षा और कानून व्यवस्था मजबूत होगी। साथ ही अपराधों पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। जबकि जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने कहा कि संवेदनशील, पारदर्शी और अपराध मुक्त समाज बनाने के लिए यह पुलिस थाना खोला गया है। थाना खुलने के बाद आमजन को अपनी समस्याएं लेकर डीडवाना या मौलासर नहीं जाना पड़ेगा और उनकी यहीं पर सुनवाई हो सकेगी। जबकि एसपी ॠचा तोमर ने कहा कि यह थाना खुलने से इस क्षेत्र के हजारो लोगों को प्त्वरित न्याय सुलभ होगा। साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस व समाज एक दूसरे के पूरक है। आमजन के सहयोग से ही अपराधों पर लगाम लगाई जा सकती है।

### खेल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं

**अजमेर**। केन्द्रीय पशु पंजीकरण योजना, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अंतर्गत शिवम पब्लिक स्कूल तिलोनिया में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। शिवम पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक सैन व मधू चौधरी द्वारा छात्रों को खेलों के महत्व के बारे में बताया गया। खेलों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए उत्साहित किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूल में विभिन्न खेलों का आयोजन करवाया गया। छात्रों के मध्य खेलों के महत्व पर वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस अवसर पर केन्द्रीय पशु पंजीकरण योजना के उप पंजीकार बलबीर गैना एवं क्षेत्रीय निरीक्षक सोमवीर सिंह उपस्थित रहे।

### पानी भरने को लेकर प्रदर्शन किया

**नागौर**। नकास गेट इलाके के निवासियों ने ने शनिवार को जिला कलेक्टर के आवास पर सांकेतिक धरना दिया। इसके बाद अतिरिक्त कलेक्टर को ज्ञापन देकर नकास गेट में जलभराव के स्थाई समाधान की मांग की। इससे पहले लोगों ने जिला कलेक्टर के आवास के बाहर कुछ देर धरना दिया और प्रदर्शन किया। अतिरिक्त कलेक्टर चंपालाल जीनगर और उपखंड मजिस्ट्रेट गोविंद सिंह भींचर ने धरनास्थल पर आमजन के बीच बैठकर उचित समाधान करवाने की बात की। जलभराव के स्थाई समाधान की मांग : नकास गेट इलाके के निवासीयो ने ज्ञापन देकर कहा कि नकास गेट, भार्गव मोहल्ला, खटीकों का मोहल्ला, कुम्हारों का मोहल्ला, नित्यानंद की बाड़ी, अजमेरी गेट, समस तालाब, कालू खान की बाड़ी, गिनाणी तालाब के पास, सूफी दरगाह, न्यारियों का मोहल्ला, गाजी खाड़ा क्षेत्र में बरसात के समय भारी जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है कॉलोनीवासियों ने जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए स्थाई समाधान की मांग की है घरों में घुस रहा बरसाती पानी ज्ञापन देने वाले लोगों का कहना है कि नालों, नलियों व सीवरेज की सफाई समय पर नहीं होने और पानी निकासी की व्यवस्था के अभाव में बरसाती पानी घरों में घुस रहा है। घरों में बरसाती पानी जमा होने से काफी नुकसान हो रहा है। कई लोगों के घर खाली करके अपने मिलने वाले के पास रह रहे है और बहुत लोग बारिश के बाद चार दिन से घर से बार नई निकल पा रहे है वर्षाजल निकासी के लिए रिजर्व दुलाया, जड़ा तालाब, समस तालाब, गिनाणी तालाब के नालों पर अतिक्रमण होने के कारण पानी निकासी का परंपरागत बहाव अवरुद्ध हो गया है।

# हमारी दिशा सही होगी तो दशा भी सही हो जाएगी : कुमुदलताजी म.सा.

- पूज्य वेणीचंदजी म.सा. के अभिग्रहपूर्ति दिवस पर कुमुदलताजी म.सा. के सानिध्य में गुणानुवाद सभा कल अरिहन्त भवन में

**भीलवाड़ा**। जीवन में वास्तुशांति से अधिक महत्व वास्तविक शांति का होता है। वास्तविक शांति पाने के लिए हमे अपने धर्म से जुड़ना होगा ओर ये जानना होगा कि हम जीवन में कहीं पर सही ओर कहां पर गलत हैं। वास्तविक शांति पाने के लिए कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। हमारा जैन धर्म पूर्णतया वैज्ञानिक आधार पर है ओर हमारी समस्याओं का समाधान हमे अपने धर्म शास्त्रों में ही मिल जाएगा। ये विचार अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में दिवाकर कमला दरबार में शनिवार को धर्मसभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के 32 आगम में अथाह ज्ञान समाया हुआ है। इन आगम को पढ़कर हमे वास्तु सम्बन्धी भी कई जानकारियां प्राप्त होती है। ये बताते है कि हमारी दिशा सही होगी तो हमारी दशा भी सही हो जाएगी। इससे हम जान सकते है कि हमारा भूखण्ड किस तरह का होना चाहिए ओर नकारात्मक उर्जा से बचने के लिए टी रोड के सामने कभी मकान का मुख्य द्वार नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि अभिग्रहधारी पूज्य वेणीचंदजी म.सा. का अभिठाहपूर्ति दिवस रविवार को सुबह 8.45 बजे से अरिहन्त भवन में दो-दो सामायिक की साधना व गुणानुवाद के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक श्रावक श्राविकाओं को इस कार्यक्रम में भाग लेकर उस महान संत के प्रति अपनी श्रद्धा एवं भावना व्यक्त करनी है। धर्मसभा में स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा.ने कहा कि जिनवाणी श्रवण करने से जीवन के सारे पाप,ताप ओर संताप नष्ट हो जाते है। जिनवाणी सुनने से अनंत कर्मो की निर्जरा भी होती है। जिनवाणी सुनने का अवसर सभी को नहीं मिलता है जो भाग्यशाली होते है वहीं इसका लाभ उठा पाते है। उन्होंने कहा कि जीवन में जब भी मन विचलित हो ओर निराशा की भावना आए जिनवाणी श्रवण करे हमे संबल ओर सुख की प्राप्ति होगी। धर्मसभा में वास्तुशिल्पी पद्मकीर्तिजी म.सा. एवं विद्याभिलाषी साध्वी राजकीर्तिजी म.सा.का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। धर्मसभा में सिद्धि तप आराधना कर रही चित्तौड़गढ़ निवासी नेहा डांगी, 11 उपवास की तपस्या करने वाली भीलवाड़ा की सुश्राविका वीणा बुलिया एवं अठाई तप करने वाली सुश्राविका आशा पगारिया का अभिनंदन किया गया। इन तपस्वियों के साथ मुंबई निवासी सुश्राविका मोनिका सिसोदिया ने 30 उपवास के प्रत्याख्यान महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. के मुखारबिंद से लिए तो पांडाल अनुमोदना के जयकारो से गूंज उठा। तपस्वियों को सुभाषनगर महिला मण्डल की सदस्यों ने भव्य स्वागत करते हुए मंच तक पहुंचाया। साध्वी मण्डल ने तपस्वी के प्रति मंगलभावना व्यक्त करते हुए हार्दिक अनुमोदना की। तपस्वियों का चातुर्मास समिति महिला मण्डल की अध्यक्ष निर्मला भड़कत्या,मंत्री लाड़जी मेहता, पुष्पा गोखरू, नीता बाबेल, लीला कोठारी, सीमा नाहर, टीना बाफना, आदि ने स्वागत अभिनंदन किया। धर्मसभा में बेंगलौर से आए शांतिलाल खिंवेसरा एवं अन्य अतिथियों का स्वागत चातुर्मास समिति के अध्यक्ष दौलतमल भड़कत्या, सुभाषनगर श्रीसंघ के अध्यक्ष हेमन्त कोठारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने किया। धर्मसभा का संचालन चातुर्मास समिति के सचिव राजेन्द्र सुराना ने किया।

## भूमि खनन कार्य शुरू

**अजमेर**। 871 वर्ष पुरानी दादाबाड़ी जीर्णोद्धार के तहत शनिवार को दादाबाड़ी में साध्वी मनोहरश्रीजी मुनि सम्यकरतन सागरजी महाराजा के सान्निध्य में खाचरौद निवासी पंकज भाई विधिकारक द्वारा विधि विधान से भूमि पूजन और भूमि खनन का कार्य सम्पन्न हुआ। धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए मुनि सम्यकरत्नसागर जी ने कहा कि किसी भी जिनालय के 14 मूहूर्त सम्पन्न होते है उसमें सबसे पहला मुहूर्त भूमि पूजन व भूमि खनन का होता है। मनुष्य का संकल्प मजबूत रहने से ही किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ प्रवक्ता रिखब सुराना ने बताया कि भूमि पूजन और भूमि खनन कार्य के लाभार्थी फलोदी कोयम्बटूर निवासी विजयचन्द पारसमणी कुशल दीपमाला झावक परिवार द्वारा विधि विधान से भूमि पूजन और भूमि पूजन कार्य किया गया, जिनका जीर्णोद्धार समिति के संयोजक भीमराज, सुशीला बोहरा, सहसंयोजक विक्रम पारख, महेन्द्र लूणियां, झबरमल बच्छावत ने चांदी की तगारी, खुरपी, करणी, कटोरी, चम्मच इत्यादि भेंट कर बहुमान किया गया।

## सार-समाचार

### 3 सेवादल कांग्रेस की पहचान भी है और ढाल भी : धीरज गुर्जर

**भीलवाड़ा**। सेवादल कांग्रेस की पहचान और ढाल है तथा दल की पहचान सेवा कार्य को हमें बनाए रखना होगा। कांठोस राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने यह विचार भीलवाड़ा जिला कांग्रेस सेवादल के जिला संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के उदघाटन अवसर पर सेवादल के श्वेत सैनिकों को सम्बोधित करते हुऐ कहे। भीलवाड़ा जिला सेवादल कांठोस के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ गजाधर मानसिंहका धर्मशाला में ध्वजारोहण से हुआ। राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने ध्वजारोहण किया। उदघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुऐ प्रदेश सेवादल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत ने सेवादल की स्थापना का इतिहास बताते हुऐ बताया कि सेवादल जिसका पहले हिन्दुस्तानी सेवादल नाम रहा था के निर्माण की सोच आजादी के आंदोलन के समय शुरू हुई जिसके परिणामस्वरू 1923 में इसका गठन हुआ। जिला कांठोस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने अपने संबोधन में सेवादल को कांबगस संगठन की सेना काअठिाम दस्ता बताया जो सेवा के साथ -साथ अनुशासित कांठोसी कार्यकर्ता भी तैयार करता है। सेवादल जोन प्रभारी मोहन हटेला, शाहपुरा विधानसभा प्रत्याशी नरेन्द्र रेगर ,पूर्व कांठोस जिलाध्यक्ष अनिल डांगी, युवक कांठोस प्रदेश महासचिव किशन जाट और संजय पेडीवाल कार्यक्रम के अतिथि रहे। सेवादल की ओर से सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।सेवादल जिलाध्यक्ष योगेश सोनी ने सभी का स्वागत करते हुऐ शिविर आयोजन की तैयारियों में मिले सहयोग के लिये प्रदेश सेवादल पदाधिकारियों ,जिला कांठोस कमेटी अध्यक्ष त्रिपाठी एवं कार्यकर्ताओं तथा सेवादल जिला कार्यकारिणी के प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम संचालन संभाग प्रभारी विनोद दादा पाठक कैलाश सेन और अजमेर प्रभारी विजय नागोरा ने किया। इस अवसर पर महिला सेवादल अध्यक्ष अनिता शक्तावत ,यान ब्रिगेड अध्यक्ष दीपक भारद्वाज , जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी ,माण्डलगढ़ ब्लॉक पूर्व अध्यक्ष रफीक टांक , राजेन्द्र जैन , मेवाराम खोईवाल ,मंजू पोखरणा , रोशनलाल महात्मा ,मुस्ताक अली मंसूरी ,अली मंसूरी , कुन्दन शर्मा ,शिवराज सुराणा ,संदीप टेलर , खेमराज पनवा ,शांतिलाल धोल पूरिया , कस्तूरी देवी जाट सहित कई सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर के दूसरे दिन शहर में सेवादल द्वारा संविधान बचाओ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा।

### एक साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावर** (निसं) जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह आईपीएस के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला भूपेन्द्र शर्मा आरपीएस एवं वृताधिकारी राजेश कसाणा आरपीएस के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी सिटी मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण में एक साल से फरार वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गुरटब है की 26 अगस्त को एक अल्टो कार से 46.550 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त जब्त कर आरोपी विकास को गिरफ्तार किया गया था जबकि उसका साथी आरोपी प्रकाश विश्नोई मौके से फरार हो गया। जिले में चलाये जा रहे वांछित आरोपीयों की धरपकड अभियान के तहत पुलिस थाना ब्यावर सिटी द्वारा कार्यवाही करते हुए हुए एक साल से फरार आरोपी सरनाडा की ढाणी पोस्ट कांकेलाव पुलिस थाना डांगियावास निवासी प्रकाश पुत्र वासुदेव जाति विश्नोई उम्र 30 साल को गिरफ्तार करने में पुलिस टीम को सफलता प्राप्त मिली। गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है। पुलिस टीम में विजय सिंह उनि थानाधिकारी,बिंजाराम सउनि,देवेन्द्र सिंह हैड कानि, लक्ष्मण कानि आदि थे।

# चिकित्सा से जुड़ा सेवा कार्य ही ईश्वर की आराधना : देवस्थान मंत्री

- रामदेवरा के नेत्रकुंभ में पहुंचे श्री जोराराम कुमावत

**रामदेवरा/जैसलमेर**,। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत शनिवार को लोकदेवता बाबा रामदेव जी महाराज की पावन नगरी रामदेवरा पहुंचे। उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने आस्था के प्रतीक राम सरोवर कुंड के भी दर्शन किए।

इस दौरान देवस्थान मंत्री श्री कुमावत ने भाद्रपद सप्तमी के अवसर पर रामदेवरा में चल रहे निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर यानी नेत्रकुंभ का अवलोकन किया। उन्होंने सक्षम संस्था, जयपुर द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पर-पीड़ा निवारण के लिए किए जाने वाले कार्य जन-जन तक पहुंचते हैं तभी उनकी सार्थकता होती है।

केबिनेट मंत्री श्री कुमावत ने संस्था द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा और दवाओं, चश्मों, लेंस और अन्य उपकरणों के वितरण को अनुकरणीय बताया। उन्होंने मरीजों से संवाद करते हुए उनके हाल-चाल भी जाने। उन्होंने सरकार के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं, निजी क्षेत्र आदि को भी चिकित्सा सेवाओं में सहयोग देने और अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया। श्री कुमावत ने कहा कि परोपकार ही सबसे बड़ा धर्म है। चिकित्सा से जुड़ा सेवा कार्य ही ईश्वर की आराधना है।

साथ ही उन्होंने कहा कि लोक त्यौहार, मेले और उत्सव भारत और विशेषकर राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो परंपराओं, धार्मिक विश्वासों और सामुदायिक जीवन को दर्शाते हैं। ये आयोजन न केवल स्थानीय रीति-रिवाजों को संरक्षित करते हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन को बढ़ावा देते हैं और सामाजिक एकजुटता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले और त्यौहार अपनी अद्वितीय लोक कला, धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से देश की विविधता का प्रदर्शन करते हैं। बाबा रामदेव जी का यह मेला आस्था का केंद्र है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। हमारी सरकार मेले, उत्सव, तीज-त्यौहार और लोक कला-संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी की ओर से मंत्री श्री कुमावत का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सक्षम संस्था के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर, उपाध्यक्ष मनु भाई पुरोहित, आयोजन समिति के महासचिव खेताराम, सुरेश मेवाड़ा, स्वरुप दान , बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास , जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह तवर, मंडल अध्यक्ष भवर सिंह सादा, खेता राम, हुकमाराम , चंदन कुमावत, पूर्व प्रधान चतराराम, सरपंच मोहन चौधरी , संसद प्रतिनिधि डी आर चौधरी सहित संस्था के पदाधिकारी, लाभार्थी और भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## साध्वी मनस्वी के 33 उपवास का पारणा

**अजमेर**। णमोत्थुणं सिद्ध साधक आचार्य श्री ज्ञानचंद जी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी सुदीर्घ तपस्वी, तप ज्योति साध्वी रत्न श्री अनेकांत श्री जी म.सा., घोर तपस्विनी श्री मनस्वी श्री जी म सा, नवदीक्षित श्री सुशक्ति श्री जी म.सा. आदि ठाणा सुख शान्ति पूर्वक श्री गुरु हगामी लाल जी जैन छात्रावास, पुष्कर रोड में चातुर्मासार्थ विराजमान है।

महा तपस्विनी श्री मनस्वीश्री जी म.सा. के संवत्सरी पर्व पर 31 उपवास के सुदीर्घ तप के पश्चात 11 अभिग्रह धारण किये गए, जिसमे अजमेर शहर की पुण्य धरा पर सभी धर्मनिष्ठ श्रावक श्राविकाओं ने अलग अलग तरह के प्रत्याख्यान लेकर अभिग्रह पूर्ण करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भरपूर लाभ लिया।

श्री संघ मंत्री संजय सकलेचा, संदीप चपलोत ने बताया कि 11 अभिग्रह में कुछ व्रत आजीवन पालन के हैं, जिसमे आजीवन नवकारसी व आजीवन ब्यासना तप जतन देवी बम्ब बैंगलोर वाले (पूज्य महासती श्री अनेकांत श्री जी म सा के सांसारिक माताजी व परम गुरु भक्त ने, पौरसी तप अंजली बाफना व प्रिया बोहरा, आजीवन 1 विगह का त्याग अलका नाहर, आजीवन नवकार मन्त्र की माला विकास गुणमाला नाहर व सुपुत्र अक्षय नाहर, 'साध्वी श्री सुशीलाकंवर जी म सा की आज्ञानुवर्तिनी साध्वी' द्वारा पारणा करने के लिए भावना भाना, अनंत चतुर्दशी पर 51 उपवास, 51 पौषध तप का लाभ सुश्राविका सुदेश नाहर धर्म सहायिका सुखराज नाहर, 21 तेले के प्रत्याख्यान, आजीवन प्रतिदिन 500 गाथा का स्वाध्याय का लाभ अनीता नाहर, आजीवन शीलव्रत का पालन का लाभ रिखबचंद सुमन चौरडिया, मदनगंज किशनगढ वालो के द्वारा श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ (पंडाल) के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यो के समक्ष पूर्ण हुआ। धर्म सभा में परम गुरुभक्त राजेश पाराशर, सुखराज नाहर, गणपत चपलोत, सुनील पोखरणा, विकास नाहर, पुखराज काठेड, सूर्यप्रकाश कटारिया, अनिल सुजन्ति, संजय जैन, आदेश पोखरना, महावीर जोगड, विकाश पोखरणा, भागचंद सुराणा आदि व कई श्राविकाएं उपस्थित रही।

## नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। 30 अगस्त। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने नशामुक्ति के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। वजीरपुर तहसील के चौधरी ढाबा पीलोदा रोड पर हुए इस कार्यक्रम में संस्था की संचालिका बी के सुमित्रा दीदी ने समाज में बढते नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त की। माउंट आबू स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्था 146 देशों में कार्यरत है। संस्था राजयोग ध्यान और आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से समाज को नशामुक्त करने का प्रयास कर रही है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने हाल ही में संस्था के साथ एमओयू किया है। सुमित्रा दीदी ने बताया कि मेरा भारत व्यसन मुक्त भारत अभियान के जरिए लाखों लोगों को राजयोग ध्यान से जोडा गया है। इससे कई लोगों ने नशा छोडकर अपना जीवन सुधारा है।

## कार्याशाला का आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। भरतपुर के सेवर स्थित श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज में सर्व समाज सनातन समिति राजस्थान के सभी पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह व कार्याशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। कॉलेज सभागार में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मेघेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष गिर्राज शर्मा, पारस जैन, आदि मौजूद रहे।


**NAME CHANGE**

I, Army No.15160614N, BHM(OPR), Nirmal Kumar Jain, Residing Vill & Po-Kathrang, Teh- Rajoun, Dist-Banka, Bihar, 813105 have change my Son's Name from Rushab to Rishav Kumar & Dob from 17/10/2006 to 17/02/2007 vide Affidavit No. BZ921178 Dt 30/08/2025 before Court campus Nasirabad

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

LSG/BEAWAR/MUT/2025/145022
DATE :- 23.08.2025 सजरा प्रमाण पत्र

सार्वजनिक सूचना

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /6795 दिनांक 26/08/2025

श्री विष्णु प्रकाश पुत्र श्री हरिराम जी व श्री जेठानन्द उतमचन्दानी, श्रीमती दीपादेवी, सुश्री जयश्री पिसरान विष्णु प्रकाश निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 6 नन्द नगर मकान नं. 6 / 3 प्रा.नं. 143बी क्षेत्रफल 65.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती काजल देवी पत्नी श्री गोपाल दास के नाम दर्ज है। तत्पश्चात रजि बेचान-नामा दिनांक 20.05.2024, सजरा प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी। आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

LSG/BEAWAR/MUT/2025/145018
DATE :- 23.08.2025 रजि. बख्शीश-नामा

सार्वजनिक सूचना

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /6796 दिनांक 26/08/2025

श्री हेमन्त सिंह शेखावत पुत्र श्री गोविन्द सिंह शेखावत निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1 शिवगंज कॉलोनी देलवाडा रोड मकान नं. 04 का भाग प्रा नं. डी क्षेत्रफल 130.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती भंवरी देवी पत्नी श्री मोहनसिंह के नाम दर्ज है। तत्पश्चात रजि. बख्शीश-नामा दिनांक 25.10.2012, 12.07.2025 सजरा प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो म प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी। आयुक्त नगर परिषद ब्यावर


## '30 समूहों को ब्लॉक स्तर पर मजबूत किया जायेगा'

**ब्यावर** (निसं)राजस्थान महिला कल्याण मंडल ब्लॉक स्तरीय उदय सम्मिलित दिव्यांगजन समूह जिसमें जवाजा, मसूदा, ब्यावर का गठन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के गाँवों में केन्द्रित 30 समूहों को ब्लॉक स्तर पर सशक्त एवं संगठित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं संस्थापक स्व. श्री सागरमल कौशिक के माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम में हीरालाल जींनगर उप रजिस्ट्रार सहकारी समिति, शशि बाला सोलंकी पूर्व सभापति, रमेश यादव समाजसेवी, नितिन गोस्वामी सरपंच ठााम पंचायत गोहाना,निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने संस्था एवं प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। जबकि उप निदेशक रण सिंह चीता ने राजस्थान महिला कल्याण मंडल की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी साझा की।मॉनिटरिंग ऑफिसर विपुल कंवरिया ने सीबीआर प्रोठााम से आए सकारात्मक बदलावों और सफलता की कहानियों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। आईडीपीजी कोऑर्डिनेटर अंजलि माहेश्वरी ने उदय कार्यक्रम के उद्देश्यों और अब तक की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया।गोहाना ठााम के युवा सरपंच नितिन गोस्वामी उदय दिव्यांगजन समूह द्वारा आयोजित विभिन्न कैंपों और गतिविधियों की जानकारी साझा की और बताया कि संजय स्कूल के सीबीआर कार्यकर्ता एवं उदय समूह के कार्यकर्ता काफी लंबे समय से अपनी निस्वार्थ सेवा दे रहे हैं। जिस से गांव के दिव्यागजन काफी लाभान्वित हो रहे हैं।

वहीं खरवा उदय अध्यक्ष नरेन्द्र पदावत ने सभी समूह सदस्यों से हमेशा सकारात्मक एवं सहयोगी भावना बनाए रखने का आ ान किया। उन्होंने भविष्य में दिव्यांगजन सहयोग हेतु ब्यावर से बाहर होने वाले प्रशिक्षणों में भी भागीदारी की अपनी सहमति व्यक्त की।आगामी लक्ष्यों और नीतियों पर चर्चा के साथ ब्यावर ठाामीण एवं शहरी ब्लॉकों के लिए नए उदय समूहों का गठन निष्पक्ष सर्व सहमति से किया गया किया गया। जिसमें ब्यावर शहर ब्लॉक के अध्यक्ष सुरेश,जवाजा ब्लॉक कंचन एवं मसूदा ब्लाक नरेंद्र पदावत को प्रतिभागियों ने स्वयं के स्तर पर अपने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सचिव भी चुने।

# नई तकनीकों से हृदय और मस्तिष्क रोगियों को मिलेगी राहत

- इटर्नल हॉस्पिटल जयपुर के विशेषज्ञों ने जानकारी दी

**ब्यावर** (निसं) जय क्लिनिक अब आधुनिक तकनीकी का केंद्र बन जायेगा। शनिवार को जय क्लिनिक एंड नर्सिंग होम, हॉस्पिटल रोड, ब्यावर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।जिसमें न्यूरोसर्जरी और कार्डियक इलेक्ट्रोफी जियोलॉजी जैसे चिकित्सा विज्ञान के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आई नई तकनीकों की जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर सीनियर न्यूरोसर्जन डॉ. हिमांशु गुप्ता और सीनियर कार्डियक इलेक्ट्रोफीजियोलॉजिस्ट डॉ. कुश कुमार भगत उपस्थित रहे।

डॉ. कुश कुमार भगत (कार्डियोलोजीस्ट) ने बताया कि हृदय की धड़कन से जुड़ी जटिल बीमारियों के इलाज में अब श्री-डायमेंशनल मैपिंग सिस्टम, क्रायोएब्लेशन और हाई डेफिनिशन इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी लैब जैसी तकनीकें उपलब्ध हैं। जिनसे बिना खुले ऑपरेशन के केवल कैथेटर की सहायता से अरेथमिया और एट्रियल फिब्रिलेशन जैसी गंभीर समस्याओं का इलाज सुरक्षित और प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। इन तकनीकों की मदद से मरीजों को लंबी दवाओं पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और वे बहुत जल्दी सामान्य जीवन में लौट पाते हैं।इसी क्रम में डॉ. हिमांशु गुप्ता (न्यूरोसर्जन) ने कहा कि न्यूरोसर्जरी में माइक्रो न्यूरोसर्जरी, ब्रेन नेविगेशन, एंडोस्कोपिक तकनीक, इंट्राक्रेनियल प्रेशर मॉनिटरिंग, एमआर ट्रैक्टोठााफी और सीटी-बेस्ड निर्णय प्रणाली ने इलाज को और अधिक सटीक, सुरक्षित और जीवनरक्षक बना दिया है।

नई विधियों की वजह से ऑपरेशन के बाद रिकवरी भी तेज गति से होती है, अस्पताल में भर्ती रहने का समय घटता है और मरीज जल्दी सामान्य जीवन जीनें लगते हैं।निसन्देह इससे समय और धन की बचत के साथ मरीज़ और उसके परिजनों को मानसिक तनाव से भी शीघ्र मुक्ति मिलती है।कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टरों और नागरिकों ने बताया कि जय क्लिनिक एंड नर्सिंग होम, ब्यावर अब विश्व की नवीनतम चिकित्सा तकनीकों को आमजन तक पहुंचाने का एक बेहतर ज़रिया बन चुका है। यहां के लोग अब राजधानी स्तर की स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर ही पा रहे हैं। डॉक्टरों ने जानकारी में कहा कि इटर्नल हॉस्पिटल की चेयरपर्सन मंजू शर्मा निरंतर चिकित्सको से परामर्श कर हॉस्पिटल में उत्तम एवं नवीनतम उपकरणों का इंस्टाल कर समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए सटीक उपचार पर फोकस करती है। जय क्लिनिक में आई. वी. एफ. के लगभग एक वर्ष पूर्ण होने की भी जानकारी साझा की। आई.वी.एफ.ब्यावर सेंटर के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ लोकेश सिंघल ने बताया कि पिछले एक साल में जय क्लिनिक में डॉक्टर्स की टीम ने कुल 60 आईवीएफ के केसेज को लिया है। जिसमे से 45 पॉजिटिव रिजल्ट्स आये है जो अपने आपको सफलता कि कहानी कहता है। डॉ सिंघल ने बताया कि देश कि अत्याधुनिक तकनीक व बेहतरीन मशीनों द्वारा जय क्लिनिक में सबसे खिफायती दर पर इलाज भी किया जा रहा है।

# भीलवाड़ा में सुविचार अभियान संगोष्ठी शुभारंभ

- भैयाजी जोशी बोले गांव की परंपराओं से ही भारत का भविष्य सुरक्षित, सरकार और समाज दोनों पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयासरत

**भीलवाड़ा**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सरकार्यवाह सुरेश चंद्र (भैयाजी) जोशी ने कहा कि गांव भारत की आत्मा हैं। एक-दूसरे के सुख-दुख में सम्मिलित होना हमारी परंपरा रही है और यही हमारी सामाजिक ताकत है। आधुनिकता और औद्योगीकरण ने समाज को नई दिशा दी है, लेकिन संतुलन खोने से संकट भी बढ़ा है। इसलिए हमें विज्ञान और प्रकृति के बीच तालमेल बनाकर चलना होगा।

वे शनिवार को आरसीएम वर्ल्ड, भीलवाड़ा में आयोजित सुविचार अभियान की द्वि-दिवसीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। जोशी ने कहा कि प्राचीन समय में गांव आत्मनिर्भर हुआ करते थे, उनकी हर जरूरत गांव में ही पूरी हो जाती थी। परंतु औद्योगीकरण के चलते गांवों की व्यवस्था डगमगाई है। उन्होंने कहा, यह अच्छी बात है कि भारत में कॉर्पोरेट मार्केट आया है, लेकिन कॉर्पोरेट एठाीकल्चर नहीं। कृषि उत्पादन के बल पर ही किसान मजबूत हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की जलवायु विविधतापूर्ण है, कश्मीर से कन्याकुमारी तक विभिन्न प्रकार की जलवायु यहां मौजूद है। लेकिन उद्योग प्रधान व्यवस्था के कारण हमने प्रकृति के साथ अन्याय किया है। भूमिगत जल, नदियां और वायु प्रदूषित हो गई हैं। आज हवा बनाने वाली कोई फैक्ट्री नहीं है। हवा में घुलते जहर से इंसान कैसे बचेगा? यह प्रश्न हम सबके सामने है। भैयाजी जोशी ने आगे कहा कि भारतीय परंपरा में धरती को धरती माता और भारत माता कहा गया है, लेकिन स्वार्थवश हम इसका शोषण कर रहे हैं। वंदे मातरम् और भारत माता की जय केवल नारे नहीं, बल्कि इस भूमि से आत्मीय संबंध का उद्घोष है। शासन और समाज दोनों को मिलकर संतुलित व्यवस्था कायम करनी होगी। उन्होंने चेताया कि जब से विज्ञान प्रकृति के विपरीत चला, समस्याएं बढ़ी हैं। इसलिए विज्ञान और प्रकृति के सामंजस्य से ही चेतन जगत की सुरक्षा संभव है। भारतीय चिंतन हमेशा जितनी आवश्यकता उतना ही उपभोग के सिद्धांत पर आधारित रहा है। यही सोच आज विश्व को भारत से सीखनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण पर बोले शिक्षा मंत्री- संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सरकार और समाज दोनों पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने चारागाहों के विकास और वृक्षारोपण को जरूरी बताया। दिलावर ने कहा कि विलायती बबूल ने गोचर भूमि को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। पशु चरने में असहज हैं। हमें मिलकर इस विलायती बबूल का उन्मूलन करना होगा। उन्होंने कहा कि रासायनिक खाद के प्रयोग से धरती माता का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है।

## कलश यात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा

**मदनगंज-किशनगढ़**,(निस)। मयूरा सिटी में आयोज्य संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के भव्य शुभारंभ पर निकली अमृत कलश यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा आयोजक प्रमुख समाजसेवी राजेन्द्र गुप्ता व धर्मेन्द्र गुप्ता परिवार सहित भगवत गीता को सिर पर रख साथ चल रहे थे।

मुख्य मार्गो पर बड़ी संख्या में विभिन्न समाज सामाजिक सहित धार्मिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत अभिनंदन किया। लक्ष्मीनारायण मंदिर से कथा स्थल तक शुरू भक्ति रस के आगाज के साथ आगाज गाजे-बाजे व जयकारों के बीच निकली अमृत कलश यात्रा में शामिल सैकड़ो महिलाएं मंगल कलश धारण कर साथ लिये शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। लोकप्रिय कथा वाचक पुंडरीक गोस्वामी महाराज वृंदावन के मुखारबिद से कथा का श्रवण कराया।


**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2025/2897 आम सूचना दिनांक : 28.8.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाइल नं. | आवेदनकर्ता का नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 91 | सुनिल कुमार सैन पुत्र गोपाल सैन | गांधीनगर आवासीय योजना बिजयनगर shop no. AS-06/ब्लॉक नं. ए | 13.93 SQ.MTR | व्यवसायिक |
| 92 | सुनिल कुमार सैन पुत्र गोपाल सैन | गांधीनगर आवासीय योजना बिजयनगर ब्लॉक नं. ए प्लाट नं. ए-155 | 178.36 SQ.MTR | आवासीय |
| 93 | सुनिल कुमार सैन पुत्र गोपाल सैन | गांधीनगर आवासीय योजना बिजयनगर ब्लॉक नं. ए प्लाट नं. ए-156 | 178.36 SQ.MTR | आवासीय |
| 94 | सीमा साहु पत्नी महावीर प्रसाद | भंवरबाडी बिजयनगर ब्लॉक नं. 19 प्लाट नं. 1 का हिस्सा | 79.70 SQ.MTR | आवासीय |
| 95 | सेहराज खानम पत्नी शरीफ मोहम्मद | बद्री विशाल कॉलोनी बरल द्वितीय बिजयनगर ख.सं. 2158/1136 भू.सं. 83 | 92.70 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय ग्राम पंचायत बबाईचा पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)**

क्रमांक :- ग्रा.पं.बबाईचा/ निविदा / 2025-26/34 दिनांक: 28/08/2025

**ई - निविदा सूचना 03 /2025-26**

ग्राम पंचायत बबाईचा में अटल ज्ञान केन्द्र (राशि रूपये 08 लाख) हेतु ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निविदा दिनांक 29.08.2025 से 08.09.2025 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ & http://eproc. rajasthan. gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB No:-ZAJ2526A1074
UBN No :-ZAJ2526WSOB01154

प्रशासक ग्राम पंचायत बबाईचा पं.सं. अजमेर ग्रामीण (अजमेर)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बबाईचा पं.सं. अजमेर ग्रामीण (अजमेर)



ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में प्रदर्शन आज पूरी दुनिया में भारत की पहचान बन चुका है। जब कोई खिलाड़ी पदक जीतता है तो वह सम्मान केवल खिलाड़ी या संस्था का नहीं, बल्कि पूरे 140 करोड़ भारतीयों का होता है। - रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री, खिलाड़ियों के सम्मान व उचित अवसर देने को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶**

## रविचंद्रन अश्विन



**अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट** के सभी प्रारूपों और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा के बाद, रविचंद्रन अश्विन एक स्वतंत्र पक्षी के रूप में उभरे हैं, जो नए रास्ते तलाशने के लिए तैयार हैं। खबर है कि वह दोहरी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं - कोच-सह-खिलाड़ी के रूप में खुद को परखने के लिए। अश्विन के पास अभी भी बहुत कुछ करने को बाकी है और अभी उनका प्रदर्शन बाकी है। 38 साल की उम्र में, वह अभी भी बहुत आगे नहीं बढ़े हैं; आखिरकार, एमएस धोनी उनसे छह साल बड़े हैं और अभी भी मज़बूती से खेल रहे हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत के पास एशिया कप के इतिहास में रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत हासिल करने का रिकॉर्ड है। भारत ने हॉन्ग कॉन्ग को 256 रनों के बड़े अंतर से हराकर ये रिकॉर्ड बनाया था।

## तोपची बनाम जेआरपीसी के बीच होगा चैलेंजर का फैसला



जयपुर, 30 अगस्त। जयपुर राइडिंग एंड पोलो क्लब में गोल्डन पीकॉक ट्रॉफी में रोमांचक पोलो मुकाबले जारी हैं। टीम जाजू पोलो ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। ध्रुव ने अपनी विशिष्ट कुशलता से स्कोरबोर्ड पर बढ़त बनाई, जबकि नए खिलाड़ी स्वास्तिक और अमित ने अपने तीखे खेल और सहज समन्वय से प्रभावित किया। टीम बिंदायका ने जोरदार मुकाबला किया, जिसमें महेंद्र और नरेंद्र ने जयवीर का अच्छा साथ दिया, लेकिन जाजू पोलो ने अपनी पकड़ बनाए रखते हुए 9-5 से जीत हासिल की। दूसरे मैच में, टीम तोपची (आर्टिलरी - भारतीय सेना) ने कैप्टन प्रिंसपाल और लेफ्टिनेंट कर्नल गौतम के शानदार खेल की बदौलत टीम आरवीसी को 7-4 से हराया। टीम आरवीसी के संतोष और पांडा ने कड़ी टक्कर दी, खासकर अंतिम चक्कर में, लेकिन स्कोरलाइन को पलट नहीं पाए। टीम तोपचीऔर टीम जेआरपीसी के बीच एक मैच शेष रह गया है, अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि ग्रैंड फिनाले में जाजू पोलो को कौन चुनौती देगा।

# आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स से अलग हुए द्रविड़



जयपुर, 30 अगस्त। आईपीएल 2026 से पहले राहुल द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का साथ छोड़ दिया है।फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में टीम के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फ्रेंचाइजी ने उन्हें एक बड़ी भूमिका की पेशकश की थी जिसे द्रविड़ ने स्वीकार नहीं किया। आरआर ने अपने बयान में कहा, ''राहुल द्रविड़ का राजस्थान रॉयल्स के साथ एक लंबा और गहरा रिश्ता रहा है। उन्होंने टीम को कई सालों तक मार्गदर्शन दिया। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक पूरी पीढ़ी को तैयार किया गया। उन्होंने टीम में मजबूत मूल्यों को स्थापित किया और फ्रेंचाइजी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी।

''फ्रेंचाइजी की संरचनात्मक समीक्षा के हिस्से के रूप में राहुल को फ्रेंचाइजी में एक व्यापक पद की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं करने का फैसला किया। राजस्थान रॉयल्स, उसके खिलाड़ी और दुनिया भर के लाखों प्रशंसक उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए राहुल को दिल से धन्यवाद देते हैं।''

आईपीएल 2025 का सीजन राहुल द्रविड़ के लिए व्यक्तिगत रूप से भी काफी चुनौतीपूर्ण रहा था। उन्हें पैर में चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें काफी समय तक व्हीलचेयर पर रहना पड़ा, हालांकि वह टीम को कोचिंग देते रहे। इस सीजन द्रविड़ की कोचिंग में आरआर 14 में से सिर्फ चार ही मैच जीत पाई और नौवें स्थान पर रही। बतौर खिलाड़ी द्रविड़ 2011 में आरआर के साथ जुड़े थे। 2014 और 2015 में बतौर मेंटॉर आरआर को अपनी सेवा देने से पहले द्रविड़ 2012 और 2013 में भी आरआर का बतौर खिलाड़ी हिस्सा रहे थे।

आरआर का साथ छोड़ने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और अब आरआर बिना मुख्य कोच के हैं। पिछले महीने चंद्रकांत पंडित केकेआर से अलग हो गए थे। आरआर के पास इस समय कुमार संगकारा बतौर क्रिकेट निदेशक, विक्रम राठौर बल्लेबाजी कोच और शेन बॉन्ड गेंदबाजी कोच के रूप में मौजूद हैं। 2008 के बाद से ही आरआर ने कोई आईपीएल खिताब अपने नाम नहीं किया है। उनके दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आईपीएल 2022 में आया था जब गुजरात टाइटंस के हाथों उन्हें फाइनल में हार मिली थी।

## जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारत दौरे पर आएगी पाक टीम

नयी दिल्ली, 30 अगस्त। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम भारत आएगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने शनिवार को कहा, पाकिस्तान ने तमिलनाडु में होने वाले इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए अपनी जूनियर टीम भेजने पर सहमति दे दी है।

वर्ल्ड कप तमिलनाडु के मदुरई और चेन्नई में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा। दूसरी ओर, भारत में चल रहे सीनियर हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम ने भारत आने से मना कर दिया था। वहां की सरकार ने सुरक्षा कारणों से अपना नाम वापस लिया था।

भारत-पाकिस्तान पूल बी में हॉकी एशिया कप से पाकिस्तान के हटने के बाद, जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता थी। हालांकि, अब कन्फर्मेशन के बाद टूर्नामेंट तय शेड्यूल पर हो सकेगा। भारत और पाकिस्तान को चिली और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है।

महासचिव ने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन से बात की टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर भोलानाथ ने कहा, पाकिस्तानी टीम जूनियर विश्व कप के लिए भारत आ रही है। उन्होंने कल रात हमें इसकी पुष्टि की। मैंने उनसे उनकी उपलब्धता के बारे में पूछा था, क्योंकि उन्होंने मौजूदा एशिया कप से हटने का फैसला किया था। दरअसल, हॉकी एशिया कप में खेलने से इनकार के बाद संदेहजताया गया था कि क्या पड़ोसी देश की टीम नवंबर-दिसंबर में दक्षिण भारतीय शहरों चेन्नई और मदुरई में आयोजित होने वाले जूनियर विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करेगी। हालांकि, अब साफ हो गया है कि पाकिस्तान की टीम भारत का दौरा करेगी।

21 सितंबर को भारत सरकार ने मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में खेलने की इजाजत दी पिछले हफ्ते, भारत सरकार ने नई स्पोर्ट्स पॉलिसी में पाकिस्तान के साथ मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में भारत को खेलने की इजाजत दी थी। इसमें कहा गया कि भारतीय एथलीट्स और टीमों को उन अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेने दिया जाएगा, जिनमें पाकिस्तान की टीमें या खिलाड़ी भी हों। हालांकि, भारत पाकिस्तान में होने वाले किसी भी टूर्नामेंट में भाग नहीं लेगा, साथ ही दोनों देशों के बीच कोई भी द्विपक्षीय सीरीज या मैच नहीं होंगे।

## हैण्डबॉल खिलाड़ी हर्ष ब्रह्मभट्ट ने जीता योगा का खिताब

**तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का आज होगा समापन**

जयपुर, 30 अगस्त। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में सवाई मानसिंह स्टेडियम में योगा और वालीबॉल खेल का आयोजन किया गया। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि योगा खेल में बालक वर्ग में हैण्डबॉल खिलाड़ी हर्ष ब्रह्मभट्ट और बॉक्सिंग खिलाड़ी तरूण ने पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि बालिका वर्ग में एथेलेटिक्स खिलाड़ी कविता और जिम्नास्टिक खिलाड़ी काव्या कुमावत प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया। उन्होनें बताया कि वालीबॉल खेल में पुरूष वर्ग में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पहला और सुभाष चंद्र बोस ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार महिला वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई विजेता और सरोजनी नायडू उपविजेता रही। उन्होनें बताया कि 31 अगस्त को प्रातः सात बजे साईक्लिंग स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। रविवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का समापन होगा। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा मुख्य अतिथि होगें।

## अजेय बढ़त के साथ सेंट्रल जोन और नॉर्थ जोन का सेमीफाइनल में पहुंचना तय

बेंगलुरु 30 अगस्त। सेंट्रल जोन और नॉर्थ जोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विशाल बढ़त के साथ दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइलन में जगह लगभग पक्की कर ली है। दोनों टीमों ने पहली पारी में भी बढ़त हासिल की थी और अब विशाल बढ़त के साथ उनका अंतिम चार का दावा भी मजबूत हो गया है।

शुभम शर्मा (122) की शतकीय तथा यश राठौड़ (78) और कप्तान रजत पाटीदार (66) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत सेंट्रल जोन ने क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन शनिवार को अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 331 का स्कोर घोषित करने के बाद नॉर्थ ईस्ट जोन को जीत के लिए 679 रनों का लक्ष्य दिया है। नॉर्थ ईस्ट जोन ने कल के सात विकेट पर 168 रन से आगे खेलना शुरु किया और उसकी टीम महज 17 रन जोड़ कर अपने तीनों विकेट 185 के स्कोर पर गंवा दिये। सेंट्रल जोन के लिए आदित्य ठाकरे ने तीन विकेट लिये। खलील अहमद और हर्ष दुबे को दो-दो विकेट मिले। दीपक चाहर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल जोन ने तेजी के साथ रन बटोरे और दिन का खेल समाप्त होने के समय 80.3 ओवर में सात विकेट पर 331 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। शुभम शर्मा ने 215 गेंदों में 17 चौके लगाते हुए 122 रनों की पारी खेली। रजत पाटीदार ने 72 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए 66 रन बनाये। यश राठौड़ ने 83 गेंदों में 11 चौके लगाते हुए 78 रनों की पारी खेली। नॉर्थ ईस्ट जोन के लिए आकाश चौधरी और विश्वोर्जित सिंह ने दो-दो विकेट लिये। फिरोइजम सिंह और अंकुर मलिक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में कप्तान अंकित कुमार (नाबाद 168) और यश ढुल (133) की शतकीय पारियों की बदौलत नॉर्थ जोन ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय दो विकेट पर 388 रन बना लिये है और उसने कुल बढ़त 563 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। आज यहां नॉर्थ जोन ने अपनी दूसरी पारी की शुरुआत शुभम खजुरिया और अंकित कुमार की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। 17वें ओवर में सूरज सिंधु जायसवाल ने शुभम खजुरिया (21) को बोल्ड कर ईस्ट जोन को पहली सफलता दिलाई।

# एशिया कप से पहले फिटनेस टेस्ट के लिए गिल रवाना



अपने गृहनगर में अभ्यास शुरू किया।

नयी दिल्ली, 30 अगस्त। शुभमन गिल फिटनेस टेस्ट के लिए बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) जा रहे हैं। एशिया कप से पहले, भारतीय टेस्ट कप्तान और टी20 उप-कप्तान शुक्रवार (29 अगस्त) शाम को अनिवार्य मूल्यांकन के लिए बेंगलुरु पहुंच गए हैं, जो एशिया कप जाने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य है। यह स्पष्ट नहीं है कि गिल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्र में फिटनेस टेस्ट कब देंगे, लेकिन संभवतः यह अगले कुछ दिनों में होगा।

संभावना है कि गिल एशिया कप के लिए बेंगलुरु से सीधे यूएई के लिए उड़ान भरेंगे। गिल हाल ही में अस्वस्थ थे और चंडीगढ़ में आराम कर रहे थे, यही वजह थी कि उन्हें दलीप ट्रॉफी अंतर-क्षेत्रीय लाल गेंद प्रतियोगिता में भाग नहीं लेना पड़ा। ठीक होने के बाद, उन्होंने शुक्रवार को बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने से पहले कुछ दिनों के लिए

इस बीच, भारतीय टीम 4 सितंबर को दुबई में एकत्रित होगी। खिलाड़ी आमतौर पर अभ्यास के दौरान एक ही स्थान से एक साथ नहीं निकलेंगे, बल्कि अपने-अपने बेस से अलग-अलग उड़ान भरेंगे और पहले अभ्यास सत्र के लिए समय पर दुबई पहुँचेंगे।

ऐसा माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन ने पहला नेट सत्र 5 सितंबर के लिए निर्धारित किया है। हालांकि नेट अभ्यास के लिए स्थान अभी तक तय नहीं किया गया है, लेकिन पूरी संभावना है कि यह दुबई स्थित आईसीसी अकादमी में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में अपने सफल चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के दौरान इसी स्थान पर प्रशिक्षण लिया था। हाल ही में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज समाप्त करने के बाद, भारतीय टीम ट्वेंटी-20 प्रारूप में अभ्यास में कम रही है। हालांकि, भारत के अलावा, बाकी सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और यूएई शारजाह में त्रिकोणीय सीरीज में भाग ले रहे हैं।

**राजधानी**

## देर रात जयपुर में तेज बारिश

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर में शनिवार देर रात करीब साढ़े 10 बजे तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। बिजली की गड़गड़ाहट के साथ तेज बारिश ने करीब आधे घंटे में ही शहर की सड़कों पर जगह-जगह पानी भर दिया। हालांकि पिछले 2 दिनों से शहर में बूंदाबांदी के कारण उमस बढ़ गई थी, इस कारण लोगों का जीना दूभर हो रहा था। शनिवार शाम जैसे ही अचानक मौसम में बदलाव आया और तेज बारिश शुरू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि सड़कों पर पानी भरने के कारण पैदल राहगीरों व दुपहिया-चौपहिया वाहन चालकों को आवाजाही में भारी परेशानियां झेलनी पड़ी। उधर बारिश के कारण शहर में जर्जर पड़ी सड़कों की हालत और भी ज्यादा खराब हो गयी है।

# जलेब चौक से जुड़ी संपत्ति के स्वामित्व को लेकर एस.एम.एस. म्यूजियम ट्रस्ट की अपील खारिज हुई

**जयपुर ।** महानगर द्वितीय के जिला न्यायालय ने शहर के जलेब चौक के साइकिल स्टैण्ड सहित अन्य संपत्तियों पर कब्जे और स्वामित्व से जुडे मामले में सवाई मानसिंह द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट की अपील को खारिज कर दिया है। पीठासीन अधिकारी रीटा तेजपाल ने इस मामले में अपर सिविल न्यायालय उत्तर, महानगर द्वितीय के 12 सितंबर 2024 को दिए गए आदेश को बरकरार रखते हुए उसे सही माना है।

अपील में सिविल न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए ट्रस्ट ने कहा था कि इस समान मुद्दे पर अन्य कोर्ट ने ट्रस्ट के पक्ष में आदेश दिया था। इसलिए सिविल न्यायाधीश का आदेश खारिज किया जाए। इस मामले में निचली अदालत ने ट्रस्ट का दावा खारिज करते हुए कहा था कि जब कोवेनेंट की शर्त के अनुसार जलेब चौक के रखरखाव का अधिकार ट्रस्ट को नहीं था तो उसने किस कानूनी अधिकार के तहत इस संपत्ति को लाइसेंसधारियों को लाइसेंस पर दिया। ट्रस्ट ने दावे में दावे में कहा कि जयपुर रियासत के पूर्व शासक स्वर्गीय महाराजा सवाई मानसिंह बहादुर ने अपने जीवनकाल 1959 में इस ट्रस्ट का गठन किया था। साल 1972 में ट्रस्ट के चेयरमैन सवाई भवानी सिंह ने ट्रस्ट को जलेब चौक सहित अन्य संपत्तियां दी थी। ट्रस्ट ने जलेब चौक की खाली जमीन को लाइसेंस पर अन्य लोगों को दिया था।

ये संपत्ति ट्रस्ट की निजी संपत्तियां हैं और इन पर राज्य सरकार, नगर निगम या अन्य सरकारी विभागों का कोई हक नहीं है। इस संपत्ति पर वादी के लाइसेंसधारी थडी व टीन शेड लगाकर अपना जीविकोपार्जन कर रहे हैं, लेकिन 28 जून 1994 को नगर निगम के कर्मचारियों ने इन्हें हटाने और उनका सामान जब्त करने की चेतावनी दी। वहीं अगले दिन निगम ने निर्माण ध्वस्त कर दिए। इस पर ट्रस्ट ने निगम का कब्जा रोकने के लिए वहां अपने सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए। इसलिए नगर निगम को पाबंद किया जाए कि वह संपत्ति पर कब्जा नहीं करे और वादी को बेदखल नहीं करे। जवाब में नगर निगम का कहना था कि जयपुर रियासत के राज्य सरकार में विलय के समय इसका सरकारी उपयोग करने के लिए कब्जा सरकार को दिया गया था। वहीं कोवेनेंट के आधार पर सरकार ही इसकी सार-संभाल कर रही है। जलेब चौक व उसके चारों ओर के भवन राज्य सरकार के कब्जे व अधिकार में हैं। यहीं पर श्रम विभाग, पुलिस विभाग, बिक्री कर विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जागीर विभाग, परिवहन विभाग व नगर निगम का ऑफिस भी है। यहां राज्य सरकार का कब्जा लगातार रहा है।

## चॉकलेट का झांसा देकर 6 वर्षीय बच्ची का अपहरण और दुष्कर्म

**जयपुर ।** गलतागेट इलाके में पड़ोस में रहने वाले बदमाश ने घर के बाहर खेल रहीं 6 वर्षीय मासूम बच्ची को चॉकलेट का झांसा देकर उसे उठा कर ले गया और कारखाने में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद बच्ची रोती-बिलखती अपने घर पहुंची। माँ के पूछने पर बच्ची ने पडौस वाले लड़के की हरकतों के बारे में बताया। जिसके बाद गुस्साए परिजनों ने नाबालिग को थाने ले जाकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। मामले की जांच कर रहे एडिशनल डीसीपी देवी सहाय मीणा ने बताया कि गलतागेट के रहने वाले पीड़ित पिता ने पडौस में रहने वाले लडके के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है। आरोप है पडौस में रहने वाला युवक चॉकलेट दिलाने का झांसा देकर उसे कारखाने के अंदर ले गया और वहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## युवक की मौत

**जयपुर।** आमेर इलाके में शुक्रवार देर रात बाइक से सड़क पार रहे एक युवक को कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल युवक को स्थानीय लोग एसएमएस लेकर गए। लेकिन खून अधिक बहने से युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को शनिवार सुबह मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

### सार-समाचार

## साइक्लोथॉन-5 के पोस्टर का विमोचन



**जयपुर ।** मारवाड़ी युवा मंच का साइक्लोथॉन-5 का आयोजन 31 अगस्त 2025 को होगा। इसी कड़ी में कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन शनिवार को ज्वैलर्स एसोसिएशन भवन में किया गया। इस मौके पर ज्वैलर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला, सचिव नीरज लूनावत, पूर्व अध्यक्ष डी.पी. खंडेलवाल, तथा मारवाड़ी युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष केदार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मनीष खंडेलवाल और कार्यक्रम संयोजक राहुल रावत उपस्थित रहे। साइक्लोथॉन का उद्देश्य स्वास्थ्य, फिटनेस एवं जनजागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है।

## अवान्स फाइनेंशियल का बीमा करार




**जयपुर** (कासं)। शिक्षा-केंद्रित प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (एनएफबीसी) अवान्स फाइनेंशियल सर्विसेज़ ने भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफसी लाइफ के साथ रणनीतिक सहयोग की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत, एचडीएफसी लाइफ अवान्स के एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन लोन (ईआईएल) ग्राहकों को रिटेल और ग्रुप क्रेडिट लाइफ इंश्योरेंस समाधान प्रदान करेगा। अमित गैंदा, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, अवान्स फाइनेंशियल सर्विसेज़ ने कहा, अवान्स फाइनेंशियल सर्विसेज़ में हम हर छात्र के लिए शिक्षा फाइनेंसिंग को सुलभ और किफायती बनाने और भारतीय शिक्षा वितरण प्रणाली की वृद्धि को तेज़ करने का प्रयास करते हैं। एचडीएफसी लाइफ के साथ हमारी साझेदारी हमारे ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण के अनुरूप है और हमारे एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन लोन ग्राहकों के लिए वित्तीय सुरक्षा फ्रेमवर्क को और सुदृढ करेगी। व्यापक सुरक्षा समाधानों को हमारे प्रस्तावों में सम्मिलित करके, हम संस्थानों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाना चाहते हैं, जबकि हम उनकी वित्तीय स्थिरता और लंबी अवधि की मजबूती सुनिश्चित करते हैं।

# हवाई सेवाओं की नई उडान से विकास के सफर पर राजस्थान

## अत्याधुनिक हवाई सुविधाओं के विस्तार से अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक स्मारकों के लिए प्रसिद्ध राजस्थान हर साल लाखों पर्यटकों का स्वागत-सत्कार कर 'पधारो म्हारे देश' की अपनी परम्परा को साकार कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में हो रहे हवाई सेवाओं के विस्तार से राज्य के पर्यटन और आर्थिक विकास को नई दिशा मिली है। हवाई सेवाएं केवल पर्यटकों को ही नहीं, बल्कि व्यापारियों, निवेशकों और छात्रों को भी राज्य से जोड़ती हैं, जिससे राजस्थान व्यापार और निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है।

### कोटा-बूंदी ग्रीनफ़ील्ड एयरपोर्ट की सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 19 अगस्त को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति द्वारा 1 हजार 507 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से कोटा-बूंदी में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा विकसित करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (ए.ए.आई) के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसके निर्माण के लिए ए.ए.आई को 440.65 एकड़ भूमि प्रदान की गई है। इस ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट में यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकेगी। परियोजना के अनुसार इस हवाईअड्डे में ए-321 श्रेणी के विमानों का संचालन किया जाएगा। वहीं, 20 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में एक टर्मिनल भवन का निर्माण किया जाएगा, जो व्यस्त समय के दौरान 1 हजार यात्रियों (पीएचपी) को संभालने में सक्षम होगा और जिसकी प्रति वर्ष यात्री वहन क्षमता बीस लाख (एमपीपीए) होगी।

प्रदेशवासियों को अत्याधुनिक हवाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के क्रम में कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट मील का पत्थर साबित होगा। इस ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के निर्माण से प्रदेश में न केवल पर्यटन को गति मिलेगी अपितु शिक्षा एवं व्यापारिक गतिविधियों में भी इजाफा होगा। इसके साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी अपेक्षित गति मिलेगी।

### हवाई पट्टियों की भूमि लीज आवंटन नीति

23 अगस्त को आयोजित हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार द्वारा विमानन क्षेत्र के विस्तार के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसके अंतर्गत एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा देने, वर्तमान में कम उपयोग में आ रही हवाई पट्टियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने और एडवेंचर ट्यूरिज्म को प्रोत्साहन देने के लिए ''एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों हेतु हवाई पट्टियों की भूमि लीज आवंटन नीति'' को मंजूरी दी गई है। इस नीति से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हांगे, साथ ही राज्य के राजस्व तथा जीडीपी में भी अभिवृद्धि होगी। इस नीति के तहत भूमि का लीज शुल्क 100 रुपये प्रति वर्ग मीटर प्रति वर्ष तथा कंसेशन शुल्क 6 लाख रुपये प्रति एयरस्ट्रिप प्रति वर्ष होगा। पहले 5 वर्षों तक दरों में 5 प्रतिशत एवं 6वें से 20वें वर्ष तक 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की जाएगी। लीज अवधि अधिकतम 20 वर्ष की होगी तथा अधिकतम 2000 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की जा सकेगी।

### फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल से युवा सपनों को लगे पंख

प्रदेश में विमानन क्षेत्र के विकास एवं युवाओं की इस क्षेत्र में भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए गत वर्ष किशनगढ़, अजमेर में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (थ्ज्व) की स्थापना की गई है। इसी कडी में भीलवाड़ा की हमीरगढ़ हवाई पट्टी को विकसित करते हुए फ्लाइंग स्कूल खोला जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जरूरी स्वीकृतियां प्रदान कर दी गई हैं। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणाओं के क्रम में भीलवाडा, सीकर, झुंझुनू, चूरू, झालावाड, और श्रीगंगानगर की हवाई पट्टियों पर एफटीओ स्थापित करने के लिए भी राज्य सरकार प्रयासरत है।

### हवाई सेवाओं विस्तार से आसान हो रही मंजिल

देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करने की दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा जयपुर हवाई अड्डे पर समर्पित राज्य टर्मिनल के निर्माण के लिए 12,778 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई है। राज्य सराकर द्वारा जल्द ही टर्मिनल भवन का निर्माण प्रारम्भ किया जाएगा। किशनगढ़ हवाई अड्डे के विकास एवं विस्तार के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को निःशुल्क भूमि उपलब्ध करवाई गई है। साथ ही, उदयपुर हवाई अड्डे के विकास एवं विस्तार तथा उत्तरलाई (बाड़मेर) में सिविल एन्क्लेव के निर्माण के लिए भी निःशुल्क भूमि आवंटन प्रक्रियाधीन है।

राजस्थान में पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल, औद्योगिक क्षेत्र और शैक्षिक संस्थान बड़ी संख्या में हैं, जिसके दृष्टिगत क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना राज्य के लिए अत्यंत महत्पूर्ण है। वर्तमान में राज्य में तीन हवाई अड्डों से आरसीएस उड़ाने संचालित हैं। राज्य सरकार ने माउंट आबू, सीकर, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा और श्रीगंगानगर जैसे महत्वपूर्ण स्थलों को भी इस योजना में शामिल करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा है। इससे प्रदेश में पर्यटन और रोजगार के नये द्वार खुलेंगे। साथ ही, बीकानेर, जोधपुर और किशनगढ़ से मुम्बई, कोलकाता, सूरत और बेंगलुरू जैसे महानगरों के लिए नियमित उड़ानें शुरु किए जाने का भी केन्द्र सरकार से आग्रह किया गया। क्षेत्रीय हवाई संपर्क (आरसीएस) उड़ानों के लिए विमान ईंधन पर वैट को 26 प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत किया गया है।

प्रदेश में राज्य सरकार की 19 हवाई पट्टियां हैं, जिनकी लम्बाई 3,300 फीट से लेकर 9,800 फीट तक है। इन हवाई पट्टियों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे-फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन, एयर स्पोर्ट्स एवं एमआरओ संचालन आदि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राज्य में लगभग 118 हैलीपेड हैं। राज्य सरकार द्वारा सभी जिला मुख्यालयों सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों तथा चिकित्सा सहायता एवं इमरजेंसी रेस्पॉन्स के लिए भी अतिरिक्त हैलीपेड का निर्माण प्रक्रियाधीन है।

### निवेश-नीति से बदलेगा विकास का परिदृश्य

राज्य सरकार द्वारा आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट एवं राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम (रिप्स) के तहत विशेष प्रावधान के परिणामस्वरूप में विमानन क्षेत्र में निवेशकों से अब तक 10 से अधिक एमओयू किए जा चुके हैं, जिनसे लगभग 1500 करोड़ रुपये का निवेश संभावित है। प्रदेश में विमानन क्षेत्र में आधारभूत ढांचे का विकास और क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार की दृष्टि से नागरिक विमानन नीति-2024 जारी की गई। इस नीति में विमानन प्रशिक्षण सुविधाओं, विमानन रखरखाव सेवाओं को बढ़ाने और एयरोस्पेस गतिविधियों को विकसित करने पर जोर दिया गया है।

# मुख्यमंत्री ने सुरेश रावत के पिता को श्रद्धांजलि दी

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को जल संसाधन मंत्री रावत के गांव मुहामी पहुंचे



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को अजमेर के मुहामी गांव जाकर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के पिता सूरज सिंह को श्रद्धांजलि दी, जिनका हाल ही में निधन हो गया।*

अजमेर/जयपुर, 30 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को अजमेर के मुहामी गांव जाकर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के पिता सूरज सिंह रावत के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व. सूरज सिंह रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

- **स्व. सूरज सिंह रावत को श्रद्धांजलि देने मुख्यमंत्री के साथ केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, देवनारायण ओम प्रकाश भडाना भी थे।**

मुख्यमंत्री ने सुरेश सिंह रावत एवं समस्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढ ढ्ढ स बंधाया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लालबाग चा राजा के दर्शन किए शाह ने

मुंबई, 30 अगस्त। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मुंबई के प्रसिद्ध गणेश मंडलों में से एक, लालबागचा राजा के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य लोग मौजूद थे। शाह गणेशोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय दौरे पर मुंबई में हैं।

वह लालबागचा राजा के दर्शन करने से पहले फडणवीस के आवास "वर्षा" पर भी गए और भगवान गणेश के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना की।

- **लालबाग चा राजा मुम्बई के प्रसिद्ध गणेश पंडालों में से एक है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह गणेश उत्सव पर दो दिन के दौरे पर मुंबई में हैं।**

शाह हर साल अपने परिवार के साथ लालबागचा राजा के दर्शन करने आते हैं।

उन्होंने आज दोपहर दक्षिण मुंबई स्थित राज्य सरकार के सह्याद्री गेस्ट हाउस में एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने उप मुख्यमंत्री शिंदे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संयुक्त महासचिव अतुल लिमये, महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण और मुंबई भाजपा प्रमुख अमित साटम से भी बातचीत की।

शाह गणपति दर्शन के लिए राज्य के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार के आवास पर भी गए और बाद में वह उपनगरीय मुंबई के अंधेरी इलाके में एक गणपति पंडाल में गए।

# बिहार की सही की गई वोटर लिस्ट में 67,826 संदिग्ध "डुप्लीकेट" मतदाता पाए गए

## रिपोर्टर्स कलैक्टिव ने 15 चुनाव क्षेत्रों की वोटर लिस्ट की जांच के बाद यह खुलासा किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अगस्त। भारत के चुनाव आयोग (ई.सी.आई.) की "शुद्ध की गई" बिहार की मतदाता सूची पर हुई एक चौंकाने वाली जांच ने बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों का खुलासा किया है। इससे चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

- **इस खुलासे से चुनाव आयोग के शुद्ध की गई वोटर लिस्ट के दावे और निष्पक्ष व स्वच्छ चुनाव करवाने की चुनाव आयोग की क्षमता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।**
- **जो 67,826 डुप्लीकेट वोटर्स हैं उनमें से 34,392 डुप्लीकेट मतदाता ऐसे हैं जिनका ब्यौरा भी एक जैसा है।**
- **उदाहरणार्थ, त्रिवेणीगंज की 20 वर्षीय अंजलि का नाम एक ही बूथ पर दो बार रजिस्टर्ड है। उसके पास दो वोटर आई.डी. नम्बर हैं पर बाकी डिटेल समान हैं।**
- **लौकहा विधानसभा सीट के 19 साल के अंकित कुमार का नाम भी एक ही बूथ पर दो बार है। बिस्फी सीट की 26 साल की अंजुम शेख का नाम भी दो बार है, पर दो अलग-अलग बूथों पर।**

द रिपोर्टर्स कलैक्टिव ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया है कि सिर्फ 15 विधानसभा क्षेत्रों में ही 67,826 संदिग्ध डुप्लीकेट वोटरों के मामले पाए गए हैं। इन सभी में लगभग एक जैसी जानकारी दर्ज है। यह खोज चुनाव आयोग के "साफ की गई की गई मतदाता सूची" के दावे पर सवाल खड़ा करती है।

गहराई से जांच करने पर पाया गया कि इनमें से 34,392 मामलों में ऐसे वोटर है जिनके विवरण पूरी तरह से मेल खाते हैं और हर एक के पास दो-दो वोटर आईडी हैं। चुनाव आयोग ने दावा किया था कि सभी डुप्लीकेट नाम हटा दिए गए हैं, लेकिन यह निष्कर्ष उसके दावे को गलत साबित करता है। सीमित संख्या वाले विधानसभा क्षेत्रों में इतनी बड़ी संख्या में डुप्लिकेट वोटरों का बने रहना, मतदाता सूची को शुद्ध करने की प्रक्रिया में संभावित व्यवस्था संबंधी खामियों की ओर इशारा करता है।

यह खुलासा ऐसे समय में हुआ है जब बिहार चुनाव की तैयारी कर रहा है। डुप्लीकेट वोटरों की मौजूदगी चुनावी नतीजों को प्रभावित कर सकती है और जनता का लोकतंत्र पर भरोसा कम कर सकती है। अब चुनाव आयोग पर दबाव बढ़ गया है कि वह बताए कि यह गड़बड़ी कैसे हुई।

लेकिन आयोग ने बिहार में हुई "स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न (एस.आई.आर.)" की प्रक्रिया से जुड़े अपने रिकॉर्ड देने से मना कर दिया। जब रिपोर्टर्स-कलैक्टिव ने जानकारी मांगी, तो जवाब में आयोग ने एक लिंक भेज दिया जो मौजूद ही नहीं है।

जांच में सामने आया कि इनमें से 34,392 मामलों में मतदाताओं के विवरण पूरी तरह मेल खाते हैं और उनके पास दो-दो वोटर आईडी हैं। जबकि चुनाव आयोग का दावा है कि ऐसे डुप्लिकेट हटा दिए गए हैं। उदाहरण के लिए चुनाव आयोग ने त्रिवेणीगंज विधानसभा की 20 वर्षीय "अंजलि कुमारी" को दो वोटर आईडी जारी कर दी हैं। दोनों पर पति का नाम, उम्र और पता समान है। हैरानी की बात है कि उन्हें एक ही बूथ पर दो बार वोट डालने का अधिकार मिल गया है।

यह गड़बड़ी चुनाव आयोग द्वारा जल्दबाज़ी में किए गए "स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न (एस.आई.आर.)" का नतीजा है।

एस.आई.आर. एक अभूतपूर्व प्रक्रिया है जिसे चुनाव आयोग उसी रफ्तार और उसी तरीके से पूरे देश में लागू करने की तैयारी कर रहा है।

बिहार के एक विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2 से 3 लाख वोटर हैं। आंकड़ों के हिसाब से केवल कुछ ही मामले ऐसे होने चाहिए जहां दो अलग-अलग व्यक्तियों का नाम, रिश्तेदार का नाम और उम्र लगभग समान हो। लेकिन इस जांच में हर विधानसभा क्षेत्र में हजारों डुप्लीकेट मामले सामने आए हैं।

जब तक चुनाव आयोग इन्हें अंतिम मतदाता सूची से नहीं हटाता, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। लेकिन ऐसा होने की संभावना कम है। दिल्ली मुख्यालय में और राज्य व जिला स्तर पर मौजूद आयोग के अधिकारियों को कंप्यूटर प्रोग्राम और ज़मीनी सत्यापन के ज़रिए ऐसे डुप्लीकेट वोटरों (जिन्हें उनकी भाषा में डेमोग्राफिक सिमिलर एंट्रीज़ कहा जाता है) की पहचान करनी होती है, और यह प्रक्रिया प्रारंभिक मतदाता सूची बनने से पहले पूरी की जाती है। वह चरण अब बीत चुका है और आयोग दावा कर चुका है कि उसने 7 लाख डुप्लीकेट वोटरों को हटा दिया है। इसका मतलब है कि अब इस मामले में और कोई सफ़ाई करने की ज़रूरत नहीं है।

लौकहा विधानसभा क्षेत्र में 19 वर्षीय अंकित कुमार का नाम दो बार दर्ज है। उनके पिता का नाम (अनिल महतो) और बूथ नंबर (371) दोनों बार समान हैं, लेकिन उनके पास दो वोटर आईडी नंबर हैं - ज़ैड.क्यू.क्यू. 3191681 और ज़ैड.क्यू.क्यू. 3217643

इसी तरह बिस्फी विधानसभा क्षेत्र में 26 वर्षीय अंजुम शेख का नाम भी दो बार दर्ज है। एक जगह वह बूथ नंबर 91 पर वोटर के रूप में दर्ज हैं, ई.पी.आई.सी. ए.ए.वाय.3361391 के तहत, जहाँ उनके पिता का नाम मो. जावेद शेख लिखा है। वहीं दूसरी बार उनका नाम बूथ नंबर 89 पर दर्ज है, ई.पी.आई.सी. ए.ए.वाय. 3343621 के तहत, और यहाँ पिता का नाम मोहम्मद जावेद लिखा गया है।

# मोदी ने जापान के प्र.मंत्री को कीमती पत्थर से बना बाउल सैट भेंट किया

टोक्यो/नयी दिल्ली, 30 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान यात्रा के दौरान जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा और उनकी पत्नी को शानदार उपहार भेंट किये जिनमें इशिबा के लिए कीमती पत्थर से बना बाउल का सेट और उनकी पत्नी के लिए पश्मीना शॉल शामिल हैं। चाँदी की चॉपस्टिक्स से सजे विंटेज कीमती पत्थर के बाउल भारतीय कलात्मकता और जापानी पाक कला की परंपरा का अनूठा मिश्रण हैं। चार छोटे बाउल और चाँदी की चॉपस्टिक्स के साथ भूरे रंग के मूनस्टोन से बने बड़े बाउल से सुसज्जित यह सेट जापान के डोनबुरी और सोबा अनुष्ठानों से प्रेरित है। आंध्र प्रदेश से प्राप्त यह मूनस्टोन बेहद चमकीना और प्रेम, संतुलन तथा सुरक्षा का प्रतीक है। बाउल का आधार मकराना संगमरमर है जिसमें राजस्थान की पारंपरिक शैली में अर्ध-कीमती पत्थर जड़े हैं।

# मोदी ने ज़ेलेंस्की से फोन पर वार्ता की

## पुतिन के द्विपक्षीय मुलाकात से पहले मोदी की वार्ता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है

नयी दिल्ली, 30 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का पुरजोर समर्थन करता है।

- **प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ वार्ता में रूस-यूक्रेन संघर्ष, उसके मानवीय पहलू तथा शांति व स्थिरता बहाल करने के प्रयासों पर विचार हुआ।**

चीन की दो दिन की यात्रा पर आज दोपहर तियांजिन पहुंचे मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। मोदी की चीन में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता होनी है। इस बैठक से पहले जेलेंस्की के साथ मोदी की बातचीत को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत रुस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के समाधान के लिए शुरू से ही बातचीत तथा राजनयिक प्रयासों पर बल देता आया है। मोदी अपनी इस बात को कई बार दोहरा चुके हैं कि यह युद्ध का समय नहीं है।

प्रधानमंत्री ने आज यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने इस संघर्ष, उसके मानवीय पहलू और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में सभी प्रयासों को पूर्ण समर्थन देता है।

मोदी ने कहा, राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को आज फ़ोन पर बात करने के लिए धन्यवाद। हमने चल रहे संघर्ष, उसके मानवीय पहलू और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

भारत इस दिशा में सभी प्रयासों को पूर्ण समर्थन देता है।

# 'दुनिया का कोई भी देश भारतीय ड्रोन की टोह नहीं ले पाएगा'

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देश के सबसे बड़े एयरो इंजन टैस्ट बेड का लोकार्पण करते हुए कहा

गौतमबुद्धनगर, 30 अगस्त। बदलती युद्ध रणनीतियों में ड्रोन के प्रयोग को जरुरी बताते हुये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे भारत के ड्रोन की अब अमेरिका और चीन समेत दुनिया का कोई भी देश टोह नहीं ले पायेगा।

- **यह टैस्ट बैड रेफी एम फाइबर नामक स्टार्ट अप कंपनी ने बनाया है। सिंह ने कंपनी के संस्थापकों विशाल मिश्रा व विवेक मिश्रा की जोरदार सराहना की।**

सिंह ने गौतमबुद्धनगर में रेफी एम फाइबर प्रा. लि. द्वारा निर्मित देश की सबसे बड़ी एयरो इंजन टेस्ट बेड का लोकार्पण करने के अवसर पर कहा कि बदलती युद्ध रणनीतियों में ड्रोन का प्रयोग अनिवार्य हो गया है। रूस-यूक्रेन युद्ध का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि ड्रोन रक्षा नीति का अहम हिस्सा हैं और भारत अब इन्हें खुद डिजाइन और निर्माण कर रहा है। भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण से लेकर आज तक कभी भी दबावों के आगे हार नहीं मानी। आत्मनिर्भरता ही भारत की रक्षा और स्वाभिमान का आधार है। रेफी एम फाइबर जैसे स्टार्टअप इसका प्रमाण हैं कि हमारा नारा अब जमीन पर परिणाम दिखा रहा है।

इस मौके पर उन्होंने संस्थान के संस्थापकों विशाल मिश्र और विवेक मिश्रा की उपलब्धि को भारत की नई तकनीकी क्रांति का प्रतीक बताया और कहा कि आज के युवा केवल एक कंपनी नहीं बना रहे, बल्कि रक्षा क्षेत्र में एक नई सोच और दिशा गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 6-6.5 वर्षों से रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने के बावजूद उन्होंने इतनी कम उम्र के युवाओं को इतना बड़ा और इनोवेटिव एस्टेब्लिशमेंट खड़ा करते नहीं देखा। अब जब भारतीय ड्रोन उड़ेंगे तो उन्हें न अमेरिका और न चीन, कोई डिटेक्ट नहीं कर पायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, डिफेंस सेक्रेटरी राजेश कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कमजोर करते हैं। जैसे ही सामान महंगे हो जाते हैं, उपभोक्ता उन्हें कम खरीदते हैं। इससे अमेरिकी खुदरा विक्रेताओं और थोक विक्रेताओं की बिक्री घटती है, जो आयात पर बहुत निर्भर हैं और उन्हें ऑर्डर में कटौती करनी पड़ती है। इसके परिणामस्वरूप, हई कमजोर खपत समग्र मांग को घटाती है। राजन का कहना है कि जो अमेरिका प्रोटैक्शन में जो फायदा प्राप्त करता है, वह मांग में कमी के रूप में खो देता है, और यह व्यापार का एक ऐसा समझौता है, जो अंततः खुद के ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है।

तीसरा, टैरिफ़ विकास को भी धीमा करते हैं। ये लगभग हमेशा बदले की कार्यवाही को प्रेरित करते हैं, और उदाहरण के तौर पर, भारत अमेरिकी कृषि निर्यातों जैसे कि बादाम, सेब या दालों पर उच्च शुल्क लगा सकता है। इससे पहले से ही कम मुनाफे वाले अमेरिकी किसान प्रभावित होंगे। साथ ही, आपूर्ति श्रृंखलाएँ रातों-रात समायोजित नहीं होतीं। यदि भारत से आयात महंगे हो जाते हैं, तो वियतनाम या मैक्सिको में आयात होने में समय लगता है। लॉजिस्टिक देरी होती है और लागत बढ़ जाती है। यह अनिश्चितता निवेश को हतोत्साहित करती है, जबकि कम निर्यात और धीमी उत्पादकता वृद्धि दीर्घकालिक विकास को प्रभावित करती है।

इसी संदर्भ में, राजन टैरिफ़ को "सैल्फ गोल" बताते हैं। फुटबॉल में, सैल्फ गोल तब होता है जब एक खिलाड़ी गलती से अपनी ही टीम के खिलाफ गोल करता है। राजन का संकेत है कि ट्रम्प के टैरिफ़ राजनीतिक दृष्टिकोण से अच्छे हो सकते हैं, क्योंकि ये व्यापार भागीदारों पर कठोरता का संकेत देते हैं, लेकिन आर्थिक दृष्टिकोण से ये उल्टा असर डालते हैं, जिससे अमेरिकी उपभोक्ताओं, किसानों और व्यवसायों को होने वाला नुकसान टारगैट किए गए देशों को होने वाले नुकसान से अधिक होता है। प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के बजाय, ये अमेरिकी जनता पर कर लगा देते हैं और आपूर्ति श्रृंखलाओं को अस्थिर करते हैं।

राजन और कई मुख्यधारा के अर्थशास्त्रियों के लिए, टैरिफ़ भोंथरे हो चुके और पुराने औज़ार हैं। ये शॉर्ट टर्म राजनीति में प्रभाव डाल सकते हैं, लेकिन वे दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता को कमजोर करते हैं क्योंकि ये दक्षता और नवाचार को हतोत्साहित करते हैं। उनका बड़ा संदेश यह है कि अमेरिका को टैरिफ़ दीवारों के पीछे छिपने के बजाय, घरेलू क्षमताओं-कौशल, बुनियादी ढांचा, अनुसंधान और विकास में निवेश करना चाहिए।

# 'राष्ट्रपति ट्रंप ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

फैसला अब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से आएगा।

यह निर्णय उन टैरिफ्स पर केंद्रित है जो ट्रम्प ने अप्रैल में अमेरिका के लगभग सभी व्यापारिक साझेदारों पर लगाए थे, साथ ही इससे पहले चीन, मैक्सिको और कैनडा पर लगाए गए शुल्क भी इसके दायरे में आते हैं।

ट्रम्प ने 2 अप्रैल को, जिसे उन्होंने "मुक्ति दिवस" कहा, उन सभी देशों पर 50 प्रतिशत तक के "पारस्परिक टैरिफ" लगाए जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटे में अर्थात आयात अधिक व निर्यात कम है। और अन्य लगभग सभी देशों पर 10 प्रतिशत का बुनियादी टैरिफ लगाया।

# 'भारत विश्व के गैर कानूनी घुसपैठियों...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

राष्ट्रीय संसाधनों पर बोझ बताया।

इस पर न्यायमूर्ति बागची ने याद दिलाया, राष्ट्रीय सुरक्षा तो ज़रूरी है ही। लेकिन हमारे पास एक साझा सांस्कृतिक विरासत भी है। कृपया इस पर भी सरकार की स्थिति स्पष्ट करें।

भूषण ने गृह मंत्रालय के उस सर्कुलर का हवाला दिया, और कहा जिसमें किसी व्यक्ति को देश से निष्कासित करने से पहले राज्य सरकार द्वारा जांच की बात कही गई है। इस मामले में कोई जांच नहीं हुई, फिर भी महिला को बाहर कर दिया गया गया।"

एक काल्पनिक स्थिति पर विचार करते हुए न्यायमूर्ति बागची ने पूछा, मान लीजिए कि किसी व्यक्ति पर संदेह है और पुलिस फॉरेनर्स एक्ट के तहत एफ आई आर दर्ज करती है। क्या ऐसे में व्यक्ति को हिरासत में नहीं लिया जा सकता?

भूषण ने स्वीकार किया कि एफ आई आर की स्थिति में हिरासत संभव है, लेकिन उन्होंने आगाह किया कि हजारों लोग सिर्फ बंगाली बोलने की वजह से हिरासत में लिए जा रहे हैं।

एक बिंदु पर भूषण ने सॉलिसिटर जनरल की टिप्पणी पर आपत्ति जताई, और कहा मिस्टर सॉलिसिटर, आपकी व्यंग्यपूर्ण टिप्पणियाँ यहां काम नहीं आएंगी।

अंत में, पीठ ने केंद्र सरकार को एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और स्पष्ट किया कि कोलकाता हाई कोर्ट में लंबित हीबिस कॉर्पस याचिका जो सोनाली बीबी की नागरिकता से जुड़ी है, स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ेगी।

मेहता ने इस मामले को रोहिंग्या शरणार्थियों से जुड़ी याचिकाओं के साथ जोड़े जाने का सुझाव दिया और कहा कि यह घुसपैठ की बड़ी समस्या का हिस्सा है। लेकिन पीठ ने अलग से जवाब देने पर जोर दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, आपने संबंधित याचिका में पहले ही जवाब दाखिल किया है। इस याचिका में भी जवाब दाखिल करें। यह एक बहुत जटिल मुद्दा है। कई देश इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस मामले की अगली सुनवाई सितंबर में तय की।

# 'प्रतिबंध के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बजाए कार्य व्यवस्था के नाम पर दूरस्थ स्थान पर कार्य करने में असमर्थ है। ऐसे में विभाग के आदेश को रद्द किया जाए। मामले की सुनवाई करते हुए अधिकरण ने याचिकाकर्ता का तबादला करने पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# नोबेल के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ने मोदी को बताया था कि पाकिस्तान उन्हें नोबल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करने जा रहा है।ट्रंप ने टेलीफोन पर मोदी से आगे कहा था कि भारत को भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करना चाहिए, लेकिन मोदी ने ऐसा करने से साफ शब्दों में इनकार कर दिया।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक डॉनल्ड ट्रंप की इन बातों से भारतीय नेता भड़क गये। उन्होंने टेलीफोन पर ट्रंप से कहा कि हालिया युद्धिवराम में डॉनल्ड ट्रंप और अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। युद्धिवराम भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे तौर पर तय किया गया था। इसी के बाद से दोनों नेताओं के बीच के रिश्ते बिगड़ने शुरू हो गये। इसके बाद ही भारत और अमेरिका के बीच चल रही ट्रेड वार्ता बेपटरी हो गई और अंत में अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दावा किया है कि उसने ये खुलासा वॉशिंगटन और नई दिल्ली में 12 से ज्यादा अधिकारियों से की गई बातचीत के आधार पर किया है।

इसके अलावा न्यूयॉर्क टाइम्स ने अधिकारियों के हवाले से ये भी कहा है कि ट्रंप ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान मोदी को वाइट हाउस आने का न्योता दिया था। दरअसल ये एक बड़े प्लान का हिस्सा था, क्योंकि उसी दिन पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर भी वाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रंप के साथ डिनर कार्यक्रम में शामिस होने वाले थे।

ट्रंप ने मोदी को वाइट हाउस आमंत्रित किया था और वो चाहते थे कि वाइट हाउस में मोदी और असीम मुनीर के हाथ मिलाने का कार्यक्रम रखा जाए और इंटरनेशनल मीडिया में इसे अमेरिका की जीत की तरह प्रचारित किया जाए।

# संसद में स्थापित ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

करने के हमारे प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की।"

पाधी ने कहा कि नंदीघोष (भगवान जगन्नाथ), दर्पदलन (देवी सुभद्रा) और भगवान बलभद्र (तालध्वज) के रथों के पहिए दिल्ली ले जाकर ओडिशा की कालातीत संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत के स्थायी प्रतीक के रूप में स्थापित किए जाएंगे।

वार्षिक रथ यात्रा के बाद, देवताओं के तीनों रथों को हर साल खंडित कर दिया जाता है। नंदीघोष रथ के मुख्य बढ़ ई बिजय महापात्र के अनुसार, कुछ प्रमुख भागों को छोड़कर, हर साल रथों के निर्माण में नयी लकड़ी का उपयोग किया जाता है। खंडित रथ के हिस्सों को गोदाम में रखा जाता है, और उनमें से कुछ नीलाम कर दिए जाते हैं, जिनमें पहिये भी शामिल हैं।

# "एस.आई. भर्ती" रद्द करने पर गहलोत ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हैरानी के बात है कि इन परीक्षाओं की पेपरलीक से संबंधी एफआईआर में आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा का नाम था और आरोप लगाया गया है कि उन्होंने 60 लाख रूपयों में पेपर बेचने की साजिश की थी। इसलिए गहलोत का यह बयान की उन्होंने परीक्षा पेपरलीक के आरोप के कारण रद्द की गई थी, पर हैरानी होती है क्योंकि जिस आरपीएससी सदस्य का पेपरलीक की साजिश में नाम उजागर हो रहा था, उस सदस्य पर कार्यवाही करने या हटाने के संबंध में कोई कदम नहीं उठाया।

यह बयान इसलिए भी चौंकाता है कि अब हाईकोर्ट का फैसला भी कह रहा है कि बाबूलाल कटारा गहलोत सरकार द्वारा नियुक्त आरपीएससी सदस्य मंजू शर्मा और संगीता आर्य से संपर्क में थे और उन्हें अनुचित तरीके से मैरिट लिस्ट में आये अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में अच्छे अंक दिलवाने की साजिश में शामिल थे।

गहलोत ने अपने बयान में अपनी सरकार द्वारा 'चीटिंग' को रोकने के लिए उठाए कदमों का ढिंढोरा पीटा और कहा कि उन्हीं की सरकार ने 'स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप' (एसओजी) में चीटिंग व पेपरलीक पकड़ने के लिए 'चीटिंग सैल' का गठन करवाया था, "और इसी (एसओजी) की जांच में ही पेपरलीक के बारे में खुलासे हो रहे हैं और आरोपी पकड़े जा रहे हैं। परन्तु सत्य यह है कि एस.आई. भर्ती परीक्षा- 2021 में हुई व्यापक पेपरलीक को लेकर 10 एफ.आई.आर.-2021 में ही दर्ज करली गई थी, पर यह मामला एसओजी को जांच के लिए नहीं भेजा गया था। गहलोत सरकार के दौरान ही व्यापक पेपरलीक को लेकर छात्रों और

- **एस.आई.भर्ती-2021 को रद्द करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा था कि, शिक्षक ग्रेड-2 और वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा 2022 में पेपरलीक को लेकर दर्ज एफ.आई.आर. में, जिस आर.पी.एस.सी. सदस्य का नाम आया था, वह गहलोत सरकार द्वारा नियुक्त आर.पी.एस.सी. सदस्यों से भी पेपरलीक से नकल करके आये अभ्यर्थियों को अच्छे अंक दिलाने की साजिश में लिप्त था।**

अभ्यर्थियों ने परीक्षा रद्द करने की गुहार करी थी, परन्तु राज्य सरकार ने ऐसा नहीं किया और आरपीएससी द्वारा लिखित परीक्षा रिज़ल्ट 24 दिसम्बर 2021 को जारी कर दिया गया, और फिर शारीरिक परीक्षा का रिज़ल्ट 11 अप्रेल 2022 को जारी कर दिया था।

उल्लेखनीय है कि एसओजी ने इस मामले में 2 एफआईआर जनवरी 2024 और मार्च 2024 में दर्ज की थी, यानि वर्तमान सरकार में ही इस मामले की जांच एसओजी में पहुंची थी और जैसा गहलोत कह रहे हैं, उसके विरूद्ध, इस मामले की जांच वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हुई है उनकी सरकार के कार्यकाल में नहीं। वर्तमान सरकार के दौरान ही एसओजी द्वारा की गई जांच के पश्चात ही 13 अगस्त 2024 को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, वी.के. सिंह, ने रिपोर्ट जारी की थी कि एसआई भर्ती परीक्षा-2021 की परीक्षा प्रक्रिया में गोपनीयता और पारदर्शिता भंग की गई थी जिस वजह से परीक्षा रद्द कर देनी चाहिए। उनकी जांच से यह भी सामने आया था कि परीक्षा से एक महीने पहले ही पेपरलीक हो गया था, इसका विस्तार बहुत अधिक है, यह जान पाना मुश्किल है कि कौनसा अभ्यर्थी चीटिंग करके चयनित हुए हैं और कौन नहीं।

यह भी उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने अपने निर्णय में यह भी कहा है कि आरपीएससी सदस्यों को परीक्षा प्रक्रिया में त्रुटियों के बारे में अच्छे से जानकारी थी, इसलिए इतने व्यापक स्तर पर अंजाम दिया जा सका। अदालत ने कहा है कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान कई परीक्षा केन्द्रों पर बायोमैट्रिक सिस्टम नहीं थे, जो डमी कैडिंडेट को परीक्षा में भाग लेने से रोकने में अहम् भूमिका निभाते हैं। कई केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं थे, कई पाइवेट स्कूलों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया जहां से पेपरेलीक किया जा सकता था, और पूर्व में हुआ भी था। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा अधिकारी नहीं थे और सुरक्षा अधिकारियों को अपनी पोस्टिंग के बारे में परीक्षा कार्यक्रम से बहुत पहले ही जानकारी दे दी गई थी, जिससे परीक्षा की गोपनीयता भंग हो गई। अदालत ने कहा कि आरपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पारदर्शिता नहीं थी कि किस अभ्यर्थी को अंक दिये जा रहे थे और कैसे परीक्षा केन्द्र चयनित किये जा रहे थे।

गहलोत ने अपने बयान में इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं दी अगर आरपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं की प्रक्रिया में त्रुटियां स्पष्ट थीं तो उनकी सरकार ने उन्हें दूर करने के लिए क्या कदम उठाए थे।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908

# University of Engineering & Management

UEM श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT Good Education, Good Jobs

IEM - UEM Group | Jaipur

**IEM & UEM Institutions are Founded and Managed by IITians and Majority of Faculty are IITians**

QS I-GAUGE PLATINUM & DIAMOND | BEST COLLEGES OF INDIA 2024 INDIA TODAY | Times Higher Education Impact Rankings 2024 | GU GLOBAL UNIVERSITY RANKINGS | nirf | SHALBY ACADEMY | AIMA | UGC | AICTE APPROVED | NAAC ACCREDITED | AIU MEMBER | BOARD OF APPRENTICESHIP TRAINING (NORTHERN REGION)

**UEM Jaipur is Ranked in The Top Position in North India under Institutions Innovation Council by Ministry of Education, Govt. of India**

Industry Associated Dual Degree Program

CSE DATA SCIENCE - SAS | CSE CLOUD COMPUTING & VISUALIZATION | BBA DIGITAL BUSINESS - IIDE | BBA IN MEDIA MANAGEMENT

"Students may opt for Dual Degree Programs - for example, a student may select Civil Engineering as major degree with CSE as minor degree or vice-versa"



## Scholarships UPTO 100%

### for Rajasthan Girls Student

| | | |
|---|---|---|
| 100% FEE WAIVER | | 95% OR ABOVE IN (10+2) |
| 75% " | " | 80% OR ABOVE IN (10+2) |
| 50% " | " | 75% OR ABOVE IN (10+2) |
| 25% " | " | 70% OR ABOVE IN (10+2) |

- SC-ST Scholarship (as per Government Rules)
- Scholarship for IEMJEE Candidates
- Scholarship for Sports Candidate
- Scholarship for Rajasthan Girl Students



₹7 CRORES + WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED | ₹72 LPA HIGHEST ANNUAL SALARY OFFERED | 800+ Research Paper Published | 40+ Design Patents Granted | 600+ Patents Published

**B.TECH | M.TECH | BBA/MBA | BCA/MCA | BPT/MPT | POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA**

# Ph.D Admission Notification 2025-26

Eligibility and Admission criteria as per the UGC Guideilnes & Rgulations

Applications are invited from highly motivated and research-oriented candidates for the **Ph.D Programme** in the following disciplines.

Scan QR Code for Registration

- Computer Science & Engineering
- Mechanical Engineering
- Electrical Engineering
- Civil Engineering
- Electronics & Communication Engineering
- Management
- English
- Physics
- Chemistry
- Mathematics



## CENTRE FOR FOREIGN LANGUAGES

German | French | Japanese
Mandarin (Chinese)

Placements at UEM JAIPUR Continue till the last willing student is Satisfactory Placed


All students of 2025 passout batch received Job Offers

80% Students got Multiple Job Offers

STUDENTS PLACED 2863+ | JOB OFFERS 3895+

645+ COMPANIES VISITED

AWARDS & ACHIEVEMENTS OF UEM JAIPUR




PARTICIPATE IN OFFLINE IEMJEE 2025 EXAM

2nd Rank in Rajasthan by The Prestigious Times Engineering Ranking Survey 2025

Academic Partners
tcs TATA CONSULTANCY SERVICES | IBM | sas | IIDE | CAMBRIDGE

Foreign University Collaborations
UNLV | 岩手県立大学 | RENNES SCHOOL OF BUSINESS | GIIM | Brunel University London | RICHARD A. CHAIFETZ SCHOOL OF BUSINESS SAINT LOUIS UNIVERSITY

More than 18000+ Certification
HARVARD BUSINESS SCHOOL | coursera | LinkedIn Learning | Infosys Springboard | CAMBRIDGE | IBM | edX

Study Abroad Program for Meritorious Students
USA, CANADA, UK, AUSTRALIA & SINGAPORE

5 Industry Established Labs

Leading University for 6G Projects, Govt. of India

APPLY ONLINE: www.uem.edu.in

Campus: 'Gurukul', Udaipuria Mod, 6 Kms. from Chomu on Sikar Road, Jaipur-303807 (Rajasthan)

9887313330, 9887933330
9887413330, 9887433330